26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : सोमवार, 30 मार्च, 2026

अंक- 154 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

## गोरखपुर के 'पांडे जी' की रेंज रोवर में बैठकर दुल्हनियां लेने जोधपुर पहुंचे संभल के एसपी

**जोधपुर ( एजेंसी/चिंगारी )।** शाही ठाठ-बाट और ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच दो आईपीएस की ऐसी शादी संपन्न हुई, जिसने प्रशासनिक गलियारों से लेकर सोशल मीडिया तक हर जगह सुर्खियां बटोरीं। संभल के एसपी आईपीएस केके बिश्नोई और बरेली की एएसपी अंशिका वर्मा ने पूरे पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ सात फेरे लेकर अपने रिश्ते को नया नाम दिया।




इस शादी की सबसे ज्यादा चर्चा जिस बात को लेकर हुई, वह है दूल्हे का अंदाज। केके बिश्नोई पहले पारंपरिक तरीके से घोड़ी पर सवार होकर बारात में निकले, घोड़ी पर बैठने के कुछ ही देर बाद वे एक लग्जरी रेंज रोवर में बैठे नजर आए। इस गाड़ी का नंबर UP 53 FA 0009 था, जो गोरखपुर के 'पांडे जी' के नाम पर रजिस्टर्ड है। यह संयोग ही था या कोई खास कनेक्शन यह सवाल लोगों के बीच सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गया।

# ईरान का तेल अपने कंट्रोल में लेना चाहता हूं- ट्रंप

## 'हो सकता है हम खार्ग द्वीप भी ले लें'

## समझौता नहीं हुआ तो ईरान ही नहीं बचेगा

**वॉशिंगटन ( एजेंसी/चिंगारी )। ट्रम्प ने कहा है कि वह ईरान का तेल अपने कंट्रोल में लेना चाहते हैं। रविवार को फाइनेंशियल टाइम्स को दिये इंटरव्यू में उन्होंने यह बयान दिया।**

ट्रम्प ने कहा, सच कहूं तो मेरी पसंदीदा चीज है ईरान का तेल लेना। इस पर कब्जे के लिए अमेरिका के पास कई विकल्प हैं। उन्होंने आगे कहा, अमेरिका में कुछ लोग कहते हैं आप ऐसा क्यों कर रहे हैं? लेकिन वे बेवकूफ हैं। उन्होंने खार्ग द्वीप का जिक्र करते हुए कहा, 'हो सकता है हम खार्ग द्वीप ले लें, हो सकता है नहीं।' ट्रम्प ने यह भी दावा किया कि इस द्वीप पर ईरान की रक्षा ज्यादा मजबूत नहीं है और अमेरिका इसे आसानी से अपने कब्जे में ले सकता है।

दूसरी ओर ट्रम्प ने कहा है कि ईरान के साथ युद्ध खत्म करने के लिए जल्द समझौता हो सकता है। हालांकि उन्होंने चेतावनी दी कि अगर तेहरान ने अमेरिका



का प्रस्ताव नहीं माना, तो उनके पास देश ही नहीं बचेगा।

### फिलीपींस, रूस से 25 लाख बैरल कच्चा तेल खरीदेगा

फिलीपींस की एकमात्र तेल रिफाइनरी कंपनी पेट्रोन कॉर्प ने रूस से करीब 25 लाख बैरल कच्चा तेल खरीदने का फैसला किया है। कंपनी ने फिलीपींस स्टॉक एक्सचेंज को दी जानकारी में बताया कि अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध के बाद से करीब 40 लाख बैरल तेल की सप्लाई रद्द हो चुकी थी। इसके बाद मजबूरी में रूस से तेल खरीदने का निर्णय लिया गया। पेट्रोन ने कहा, यह खरीद अन्य विकल्प खत्म होने के बाद ही की गई है। कंपनी ने चेतावनी दी कि अगर कच्चा तेल नहीं मिलता, तो रिफाइनरी बंद करनी पड़ सकती थी, जिससे देश में ईंधन की भारी कमी और कीमतों में तेज बढ़ोतरी हो सकती थी। पेट्रोन की रिफाइनरी देश की करीब 30 प्रतिशत ईंधन जरूरत पूरी करती है, इसलिए इसका संचालन बेहद जरूरी है।

## ईरानी मिसाइलों से थर्राया अमेरिकी एयरबेस

तेहरान (एजेंसी/चिंगारी) । पश्चिम एशिया से एक बड़ी ख़बर सामने आ रही है। पिछले एक महीने से जारी भीषण जंग के बीच ईरान ने सऊदी अरब में मौजूद अमेरिकी एयरबेस को निशाना बनाया है। ईरान ने दावा किया है कि इस हमले में अमेरिका के कई विमान तबाह हुए हैं। ईरानी मीडिया के मुताबिक, इस हमले में 6 बैलिस्टिक मिसाइलों और 29 खतरनाक ड्रोन का इस्तेमाल किया गया था। सबसे हैरत की बात यह है कि इस हमले में वहां तैनात अमेरिका का सबसे आधुनिक कमांड एंड कंट्रोल विमान E-3 AWACS मलबे के ढेर में तब्दील हो गया है।

# अब पेट्रोल पंप पर केरोसिन भी मिलेगा

## हर जिले में 2 पंपों पर सुविधा होगी

### तेल कंपनियां 5 हजार लीटर स्टॉक रख सकेंगी

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** केंद्र सरकार ने रविवार को फैसला लिया है कि अब राशन की दुकानों के साथ-साथ पेट्रोल पंप पर भी केरोसिन मिल सकेगा। अब सरकारी तेल कंपनियां तय किए गए पेट्रोल पंपों पर भी केरोसिन रख और बांट सकेंगी। हर जिले में राज्य सरकार या केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन अधिकतम 2 पेट्रोल पंप चुनेंगे, जहां यह सुविधा दी जाएगी। इन पेट्रोल पंपों पर अधिकतम 5 हजार लीटर तक केरोसिन रखा जा सकेगा। सरकार ने सप्लाई आसान बनाने के लिए 60 दिनों के लिए सार्वजनिक वितरण प्रणाली (PDS) के नियमों में ढील दी है, ताकि जरूरतमंद परिवारों तक तेल समय पर पहुंच सके। सरकार ने ये फैसला अमेरिका-इजराइल के ईरान संघर्ष के कारण लिया गया है। मिडिल ईस्ट में जारी जंग के कारण भारत में गैस, पेट्रोल-डीजल की कमी है। केंद्र सरकार लगातार मौजूदा हालात पर चिंता जता रही है। सरकार के अनुसार सभी रिफाइनरियां उच्च क्षमता पर काम कर रही हैं और कच्चे तेल का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है। देशभर के सभी पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल-डीजल की उपलब्धता सामान्य बनी हुई है। घरेलू खपत को देखते हुए रिफाइनरियों में एलपीजी उत्पादन भी बढ़ाया गया है।





जिले का पहला एवं एकमात्र
Sports Injury & Joint Replacement Centre

भगवती ऑर्थोपेडिक
एण्ड स्पोर्ट्स इंजरी हॉस्पिटल

डॉ. मनु अग्रवाल
M.B.B.S., M.S. FITS, (Banglore)
FiAS, FIJR (JAIPUR)

-सुविधाएं-
1. घुटने की गद्दी ( MENISCUS ) फटना
2. लिगामेंट का टूटना ( ACL/PCL )
3. पुरानी चोट या आप्रेशन की वजह से घुटना ना मुड़ना
4. कंधे का बार-बार उतरना ( SHOULDER DISLOCATION ) 5. कंधे की नस का दबना या फट जाना ( Rotator Cuff Tear) 6. कुल्हे का बदलना ( DAA ) /घुटने का बदलना ( विदेशी Implant के साथ )
7. टूटी हड्डियों का Operation ( Titanium Implant से किया जाता है।

निम्न बीमारियों का आप्रेशन आयुष्मान योजना के अन्तर्गत भी होता है।



समय प्रात: 10 बजे से 3 बजे तक सायं 6 बजे से 7 बजे तक

रविवार अवकाश

पता- निकट रेलवे स्टेशन चौराहा, किरतपुर रोड, बिजनौर
मो. 9829211842, 8218989411

# वीके इंटरनेशनल स्कूल में हुआ दीक्षांत समारोह

**नहटौर ( चिंगारी )।** वीके इंटरनेशनल स्कूल नहटौर में गरिमापूर्ण भव्य दीक्षांत समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें छात्रों ने पारंपरिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। अतिथियों ने मेधावी छात्रों को सम्मानित किया। रविवार को स्कूल में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधक सुधीर कुमार अग्रवाल, एमडी शिल्पी कुमार अग्रवाल, ईडी प्रार्थना अग्रवाल, प्रधानाचार्य प्रेरणा चौधरी द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। दीक्षांत समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मेडल, प्रमाण-पत्र एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों को बेस्ट अटेंडेंस अवार्ड तथा हाइट इंक्रीज के लिए भी सम्मानित किया गया। इमर्जिंग स्टूडेंट का अवार्ड कक्षा 7वीं की छात्रा आराध्या अग्रवाल तथा कक्षा 9वीं की छात्रा अर्नवी त्यागी को मिला। टीचर्स ऑफ द ईयर का अवार्ड किंडरगार्टन से प्रियंका त्यागी, जूनियर सेक्शन से अनुज श्रीवास्तव तथा सीनियर सेक्शन से मोहित कुमार को दिया गया। प्रधानाचार्या प्रेरणा चौधरी ने कहा कि नियमित उपस्थिति से छात्रों के शैक्षणिक प्रदर्शन में सुधार होता है और उनका आत्मविश्वास भी बढ़ता है। संचालन कक्षा 7वीं की छात्रा आराध्या अग्रवाल तथा कक्षा 10वीं की छात्रा आकाशी अग्रवाल ने संयुक्त रूप से किया।




# मातृ-पितृ का पूजन कर उनका आशीर्वाद लिया

**नहटौर ( चिंगारी )।** बलराम कुंवर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज नहटौर में मातृ-पितृ पूजन का कार्यक्रम आयोजित हुआ। छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को मातृ-पितृ संस्कार के बारे में जानकारी दी। छात्र-छात्राओं ने अपने माता-पिता की पूजा-अर्चना करके उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। रविवार को कार्यक्रम का शुभारंभ प्रांत शैक्षिक प्रमुख महेशचंद्र शर्मा, प्रबंधक राजीव कुमार अग्रवाल एवं प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार शर्मा ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को अपने माता-पिता का सम्मान करने का उद्देश्य सार्थक करना है ताकि भविष्य में वह माता-पिता का सम्मान करके अपने जीवन को सार्थक बना सके। कार्यक्रम के इस शुभ अवसर पर अफजलगढ़ विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य प्रकाशवीर, पूनम सिंह नेगी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन चांदपुर विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य नवनीत चौधरी ने किया।




## ग्राम पंचायत गुलालवाली, विकास खण्ड नजीबाबाद

पत्रांकः-मीमो/मनरेगा/राज्यवित्त/2025-26 दिनांकः-31.03.2026

**सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत गुलालवाली में नाला निर्माण कार्य के लिए सामग्री बालू, रेत, मिट्टी, ईंट, रोड़ी, सीमेन्ट, कोरसैंड, सरिया 40 एमएम, स्टोन पत्थर रोड़ी आदि क्रय की जानी है। जिसकी निविदायें सम्बधित पंचायत सचिवालय/कार्यालय में दिनांक 31.3.2026 को आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन दोपहर 3:00 बजे खोली जाएगी।**

**ग्राम प्रधान** **सचिव**

**ग्राम पंचायत गुलालवाली/विकास खण्ड नजीबाबाद ( जनपद बिजनौर )**


# मंडावली पुलिस ने वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**मंडावली/नजीबाबाद ( चिंगारी )।** मंडावली क्षेत्र के ग्राम भागूवाला में दिनदहाड़े बाइक पर बैठे युवक पर एक व्यक्ति ने शराब की दुकान के बाहर ताबड़तोड़ हमला कर दिया था। इस हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा थी। घायल युवक बंटी निवासी ग्राम चमरिया की पत्नी वृक्षा ने मंडावली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी। उपनिरीक्षक संजय कुमार, कांस्टेबल मोनू, कांस्टेबल संजीव कुमार ने पुलिस टीम के साथ वांछित चल रहे अभियुक्त भोलू पुत्र कर्मवीर सिंह निवासी काशीरामपुर मंडावली को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि आरोपी का चालान कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# सूर्या हॉस्पिटल का शुभारंभ

**नहटौर ( चिंगारी )।** नहटौर में सूर्या हॉस्पिटल का शुभारंभ बिजनौर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. दीपेंद्र सिंह एवं डॉ. रेनू सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उन्होंने चिकित्सकों को आमजन को अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए प्रेरित किया। झालू रोड स्थित सूर्या क्लीनिक के शुभारंभ के अवसर पर आयोजित पूजन कार्यक्रम के मुख्य यजमान डॉ. आकाश कुमार एवं डॉ. वैशाली तोमर (मेहरपुर वाले) रहे। डॉ. दीपेंद्र सिंह, डॉ. रेनू सिंह एवं डॉ. संदीप चौधरी ने चिकित्सा क्षेत्र में आने वाली विभिन्न चुनौतियों के बारे में भी चर्चा की। एमडी सूरज सिंह ने अतिथियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विकास चौधरी, हर्ष कुमार, ब्रजवीर सिंह, विनीत कुमार, सत्यवीर सिंह पूर्व प्रमुख, सुधीर कुमार, अनिल चौधरी आदि उपस्थित रहे।



# कक्षा सात के बच्चों ने कक्षा आठ के बच्चों को विदाई दी

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** पीस मॉडल स्कूल साहनपुर में वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। जिसमें स्कूल के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। स्कूल प्रबंधक अकरम खां एड. ने नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि उक्त विद्यालय में पिछले काफी वर्षों से अच्छा शिक्षण कार्य किया जा रहा है। उन्होंने अभिभावकों को यकीन दिलाया कि आगे स्कूल में शिक्षण कार्य तेज किया जाएगा। उन्होंने विद्यार्थियों की पढ़ाई से संबंधित कोई जानकारी लेने के लिए स्कूल समय में सीधे उनसे सम्पर्क करने को कहा। इस वर्ष स्कूल में छात्र-छात्राओं के लिए निःशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण एवं सिलाई, कढ़ाई की व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम में अरीबा परवीन, जोया परवीन, आमिया, आलिया, हनी, हुमायरा, मौ. अरहम, अयान, अफ्शान, अजीम, मौ. जावेद, मौ. हम्मदा, आरव आदि ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इससे पूर्व कक्षा सात के बच्चों ने कक्षा आठ के बच्चों को विदाई पार्टी दी। सभी छात्र-छात्राओं ने विदा होने वाले बच्चों के लिए अच्छी शिक्षा व तरक्की करने की दुआ की। स्कूल प्रबंधक अकरम खां ने कक्षा आठ के बच्चों व सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संयोजन मंडल के गोविंद सिंह कुशवाहा, नीशु कश्यप, नजरा परवीन, रूपाली आदि का विशेष सहयोग रहा।


ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER

इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA)
आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।



आवश्यकता है धामपुर में
शोरूम पर कार्य करने हेतु कुशल मैनेजर व मैकेनिक की।
सम्पर्क करें- मो. 9084329100

*नियम व शर्तें लागू

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911

वीके इंटरनेशनल स्कूल में हुआ दीक्षांत समारोह (पेज 2)



# महावीर स्वामी के जन्मोत्सव पर निकली भव्य प्रभातफेरी



**किरतपुर (चिंगारी)।** जैन धर्म के अंतिम तीर्थंकर श्री 1008 महावीर स्वामी का 2625वां जन्म कल्याणक धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रर्मों के साथ उत्साहपूर्वक मनाया गया। सर्वप्रथम एक प्रभात फेरी श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन पंचायती मंदिर से प्रारम्भ होकर नगर भ्रमण करती हुई श्री मंदिर पर समाप्त हुई। प्रभात फेरी में जैन बंधु महावीर स्वामी के संदेशों एवं उनके आदर्शों की पट्टिकाएं हाथ में लेकर चल रहे थे और भगवान के नाम का जयघोष कर रहे थे।

प्रभात फेरी के समापन पर उपस्थित धर्म प्रेमी बंधुओं को तीर्थंकर महावीर स्वामी जी केसंबंध में जानकारी देते हुए बताया कि उनका जन्म आज से लगभग 2625 वर्ष पूर्व बिहार के नालंदा जिले के कुंडलपुर के नाथवंशी राजा सिद्धार्थ के यहां हुआ था उनके बचपन का नाम वर्धमान था। उन्हें महावीर स्वामी के अतिरिक्त अतिवीर वीर सन्मति के नाम से भी जाना जाता है। महावीर भगवान के प्रमुख सन्देश 'जियो और जीने दो', 'सत्य अहिंसा एवं अनेकान्तवाद' आदि संदेश विश्व को शान्ति एवं सदभाव से जीने का मार्ग बताते हैं। महावीर भगवान के संदेशों को अपनाकर ही विश्व में शान्ति स्थपित की जा सकती है। भगवान महावीर के सत्य और अहिंसा के संदेशों को अपनाकर ही गांधी जी ने देश को आजाद करवाया था।

प्रभात फेरी के पश्चात तीनों जैन मंदिरों में सामूहिक श्री जी का अभिषेक पूजन कर जन्म कल्याणक मनाया गया। दोपहर में महावीर जयंती के उपलक्ष्य में श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन पंचायती मंदिर कमेटी द्वारा प्रसाद का वितरण किया गया। सभी कार्यक्रमों में अनिल जैन, सुरेंद्र जैन, संजय जैन, सुनील जैन, नीरज जैन, यतेंद्र जैन, अविनाश जैन, आदि जैन, वैभव जैन, आयुष जैन, गौरव जैन, पारस जैन, आकाश जैन, शानू जैन, निश्चल जैन, दीपक जैन, राहुल जैन, अरविंद जैन, प्रदीप जैन, नितिन जैन, विपिन जैन, अनंत जैन, अंकुर जैन, हनी जैन, अरिहंत जैन, हर्षवर्धन जैन, सविता जैन, गुंजन जैन, अंजलि जैन, कुमकुम जैन, आकांक्षा जैन, आभा जैन, रजनी जैन, इंदु जैन, नीलम जैन, सोनल जैन, बबीता जैन, प्रियंका जैन, शालिनी जैन, मंजू जैन, आभा जैन, कल्पना जैन आदि ने उपस्थित रहकर धर्मलाभ प्राप्त किया।

# चीनी मिल का पेराई सत्र समाप्त

**चीनी मिल नजीबाबाद (चिंगारी)।** चीनी मिल नजीबाबाद अपने क्षेत्र के गन्ना उत्पादक किसानो का समस्त गन्ना पैराई सत्र 2025-26 समाप्त कर दिया। चीनी मिल के प्रधान प्रबन्धक महीपाल सिंह (PCS) ने जानकारी देते हुए बताया कि चीनी मिल नजीबाबाद ने 33 लाख 71 हजार 358 कुन्तल गन्ना पैराई कर 11.33 प्रतिशत चीनी परता प्राप्त कर 3 लाख 81 हजार 460 कुन्तल चीनी बनाते हुए प्रदेश की सहकारी क्षेत्र की चीनी मिलो में प्रथम स्थान बनाये हुए हैं, जबकि प्रदेश की निजी व निगम क्षेत्र की चीनी मिलो में चौथे स्थान पर है। साथ ही चीनी मिल नजीबाबाद 20 फरवरी 2026 तक क्रय 35 लाख 71 हजार 358 कुन्तल गन्ने का 104 करोड़ 27 लाख 32 हजार रुपये का भुगतान चीनी मिल अपने संसाधनों से गन्ना उत्पादक किसानो को कर चुकी हैं।



प्रधान प्रबंधक महीपाल सिंह

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.

## सलामत रहे जोड़ी तुम्हारी

# शिरीन संग आतिर

**बिजनौर (चिंगारी)।** नगर के मोहल्ला चाहशीरीं निवासी सैयद अंसार अली एवं श्रीमती शाहीन परवीन की सुपुत्री सैयद शिरीन अली की शादी खाना आबादी झालू के मूल निवासी श्रीमती नूर अफशा परवीन एवं मरहूम सैयद रफत हुसैन के सुपुत्र सैयद आतिर हुसैन के साथ धार्मिक रीति रिवाज के साथ धूमधाम से सम्पन्न हुई। नगर के एक बैंकट हॉल में आयोजित भव्य विवाह समारोह में नगर व जनपद के अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने नवदम्पति को दुआओं से नवाजा। सैयद अंसार अली, इसरार अली, इकरार अली, जावेद अली, परवेज अली, इजहार अली सहित सभी परिजनों ने मेहमानों का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। चिंगारी परिवार नवदम्पति के खुशहाल और सफल जीवन की कामना करता है।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

Hero
आवश्यकता है
कुशल मैकेनिक, सुपरवाइजर,
सेल्स एग्जीक्यूटिव मेल/फीमेल
नेटवर्क मैनेजर, फीमेल टेलीकॉलर
कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

**भली लगे या बुरी ...**

## बंद करो ये पागलपन!

ये पागलपन नहीं तो और क्या है? युद्ध भला किसी समस्या का समाधान है। युद्ध से हमेशा तबाही होती है। शहर के शहर, देश के देश बर्बाद हो जाते हैं। और अगर युद्ध का कोई कारण ही न हो, यानी युद्ध जबरन थोप दिया जाये, तब तो पागलपन की पराकाष्ठा कही जायेगी। ट्रम्प के पागलपन ने सारी दुनिया को संकट में डाल दिया है। यह सनकी जिस दिन से राष्ट्रपति की गद्दी पर बैठा है, उसी दिन से अपनी ऊटपटांग हरकतों और ऊल-जलूल फैसलों से नाक में दम किये हुए है। पहले बेवजह टैरिफ बम फोड़ा, जिससे अनेक देशों की अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। उससे पहले कभी वीजा को लेकर तनाव पैदा किया तो कभी दूसरे देशों के अंदरूनी मामलों में टांग अड़ाकर अपनी तानाशाही दिखायी। वेनेजुएजा के राष्ट्रपति को गुण्डों की भांति उठवा लिया और अपने मुल्क में लाकर पति-पत्नी को कैद कर दिया। ये एक देश की प्रभुसत्ता पर सीधा हमला था। दुनिया को उसी दिन इस सिरफिरे आदमी का जमकर विरोध करना चाहिए था, मगर सब चुप रहे। दरअसल, सबके अपने-अपने स्वार्थ और नफे-नुकसान हैं। डरे हुए भी हैं, क्योंकि इस अहमक का पता नहीं, कब क्या कर बैठे। एक से एक चूल हटे राष्ट्राध्यक्ष देखे, मगर ऐसा कूढ़मगज नहीं देखा, जिसने अपनी सनक के लिये सारी दुनिया को संकट में डाल दिया है। ईरान ने क्या बिगाड़ा था अमेरिका का? वहां लोकतंत्र रहेगा या बादशाहत, ये तय करने वाला अमेरिका कौन होता है। जहां तक परमाणु शस्त्र होने की बात है, अमेरिका खुद परमाणु सम्पन्न देश है। परमाणु बम विश्व के लिये सबसे बड़ा खतरा है। अमेरिका हो, इजराइल हो या फिर ईरान, किसी को भी यह महाविनाशकारी हथियार नहीं रखना चाहिए। इससे पहले अमेरिका ने इराक पर भी यह कहकर हमला किया था कि उसके पास रासायनिक हथियार हैं, मगर वहां परमाणु बम का 'प' भी नहीं मिला था। इसी तरह अब ट्रम्प ने परमाणु, परमाणु का शोर मचाकर अपना उल्लू सीधा करना चाहा, मगर इस बार पांसा उल्टा पड़ रहा है। एक तरफ ईरान काबू नहीं दे रहा, तो दूसरी तरफ अमेरिकी जनता ने लाखों की तादाद में सड़कों पर उतरकर नारा लया दिया- 'हमें राजा (तानाशाह) नहीं चाहिए'। जितना जल्दी हो युद्ध रुकना चाहिए।

# संकट में संसार, संयम की दरकार

**नज़रिया अपना-अपना**

ईरान युद्ध का आज 31वां दिन है। युद्ध खत्म होने की बजाय दिनों-दिन भीषण और गंभीर होता जा रहा है। युद्ध पश्चिम एशिया और मिडिल ईस्ट में हो रहा है, लेकिन उसका नुकसान भारत को भी भुगतना पड़ रहा है। हमारे यहां पेट्रोल, गैस की भारी परेशानी के बीच किस तरह से पेट्रोल पंप पर लाइन लगी है। वह चिंता उत्पन्न करती है और यह बताती है कि समस्या दिनों-दिन कितनी गंभीर होती जा रही है। जब यह युद्ध शुरू हुआ था 28 फरवरी को, तब अमेरिका की तरफ से यह बताया गया था कि बस दो-तीन दिन के अंदर ईरान को मिट्टी में मिला देंगे, ईरान पर कब्जा कर लेंगे। ईरान को इराक बना देंगे, उसके सारे ऑइल्स और रिसोर्सेस पर राष्ट्रपति ट्रंप और उसकी टीम का कब्जा हो जाएगा। बहुत मिस कैलकुलेशन था। ईरान पर हमला करना अमेरिका की सबसे बड़ी भूल ही नहीं, बल्कि दुनिया भर को अमेरिका और इजरायल ने संकट में डाल दिया। यह उनकी मिस कैलकुलेशन थी कि ईरान के सुप्रीम लीडर को मार देंगे तो जनता बगावत कर देगी। गलती नंबर एक इनका मिस कैलकुलेशन, गलती नंबर दो इन्होंने सोचा था कि दो-तीन दिन के अंदर वार खत्म कर देंगे, जो कि नहीं कर पाए, तीसरी मिस कैलकुलेशन ईरान में इतनी ताकत नहीं है, इतनी फायर पावर नहीं है, इतनी रणनीति नहीं है इतनी आर्मी नहीं है, इतनी मिसाइल और इतने ड्रोंस नहीं हैं, जो कि वह स्टेट ऑफ हार्मोन को बंद करने का जोखिम ले। दुनिया नाराज हो जाएगी। लेकिन क्या हुआ, तीसरे दिन ही स्टेट ऑफ हारमोंस को ब्लॉक कर दिया ईरान ने। ईरान के तेल और गैस के रिसोर्सेज को खत्म करने की बात की। ईरान पिछले 20 सालों में सबसे ज्यादा तेल और गैस दुनिया के कई मुल्कों को बेच रहा है। ईरान पर लगे तेल के प्रतिबंध को भी अमेरिका को हटाना पड़ा। और अब नेगोशिएशन के लिए ईरान के पीछे भागता हुआ अमेरिका। बातें चाहे जो करें अमेरिका के राष्ट्रपति, लेकिन दुनिया जानती है कि वह खुद इच्छुक होकर ईरान के इस युद्ध को खत्म करना चाहते हैं। जबकि ईरान इस पर एक निर्णायक तस्वीर चाहता है। हमारे प्रधानमंत्री ने लोकसभा के अंदर कहा इसका इंपैक्ट कोविड महामारी जैसा होगा और बात सही भी है। भारत अपनी 85प्रतिशत ऊर्जा जरूरत बाहरी देशों पर निर्भर है और हमारे यहां इस्तेमाल होने वाली 60 से 65 प्रतिशत एलपीजी, पीएनजी और जितनी भी तरह की हमारे पास जलनशील गैसें हैं, कुकिंग में, कमर्शियल सेक्टर में इस्तेमाल होती हैं, वह सब बाहर से आती हैं। और उसका भी 90 प्रतिशत हिस्सा मिडिल ईस्ट से आता है और उसमें भी सर्वाधिक शेयर कतर का है। तेल हमारा इराक से आता है और अगर स्टेट और हारमोंस बंद है किसी तरह हम तीन-चार टैंकर निकाल पाए हैं 30 दिन में। हमारे यहां क्रूड ऑयल का संकट आने वाला है, शायद यही वजह है कि आज देश भर के पेट्रोल पंपों पर लंबी-लंबी लाइनें लगी हैं। सरकार फरियाद पर फरियाद कर रही है, गुहार लगा रही है, निवेदन कर रही है, कृपया पैनिक बाई न करें। लेकिन जनता के दिमाग में जब यह बात आ गई कि प्रधानमंत्री इस संकट की तुलना कोविड से कर रहे हैं तो लोगों के समक्ष इस बात पर पैनिक होना स्वाभाविक था और जब पेट्रोल पंप वालों ने पेट्रोल न होने के बोर्ड लगा दिये, उससे भी अफ़वाह फैली। आज भी कमर्शियल सिलेंडर उपलब्ध नहीं हैं। डोमेस्टिक कंजेशन में जो भी सिलेंडर अवेलेबल हैं वह हमारी मांग का सिर्फ 30-40 प्रतिशत है। यह क्राइसिस कोई ऐसा नहीं है कि भारत सरकार के पास रखा है और आपको नहीं दे रही है, पीछे से सप्लाई ही कट गई है। जब तक यह युद्ध खत्म नहीं होगा, मिडिल ईस्ट और पश्चिम एशिया में शांति बहाली नहीं होगी, गैस फील्ड नॉर्मल प्रोडक्शन कैपेसिटी में नहीं चले जाएंगे, स्थितियां 28 फरवरी के पहले जैसी नहीं होंगी, तब तक यह सामान्य स्थिति नहीं होने वाली। तो सभी लोग संयम के साथ काम लें। सरकार भी और जनता भी।



**सरकार फरियाद पर फरियाद कर रही है, गुहार लगा रही है, निवेदन कर रही है, कृपया पैनिक बाई न करें। लेकिन जनता के दिमाग में जब यह बात आ गई कि प्रधानमंत्री इस संकट की तुलना कोविड से कर रहे हैं तो लोगों के समक्ष इस बात पर पैनिक होना स्वाभाविक था और जब पेट्रोल पंप वालों ने पेट्रोल न होने के बोर्ड लगा दिये, उससे भी अफ़वाह फैली।**



**-शमशाद रशीद माहीगीर**

# दंडनीय अपराध घोषित हो सार्वजनिक मार्गों पर अतिक्रमण

स्वस्थ लोकतंत्र में जहां जियो और जीने दो की भावना सर्वोपरि होनी अपेक्षित है, वहीं आम नागरिक अपने नागरिक दायित्वों की अवहेलना करने में पीछे नहीं है, जिसके चलते सार्वजनिक मार्गों तथा स्थलों पर अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है। कहना गलत न होगा कि छोटी-छोटी गलियों से लेकर बड़े सार्वजानिक मार्गों पर भवन निर्माण करते हुए अतिक्रमण किए जाने के अनेक किस्से प्रकाश में आते हैं।

गली-मुहल्लों में संबंधित नगर निकायों, विकास प्राधिकरणों की लापरवाही के चलते लोगों ने अपने मुख्य द्वार के सम्मुख डेढ़ से तीन फिट तक सड़क पर अतिक्रमण करने को अपना मौलिक अधिकार मान लिया है। सड़क के किनारे नालियों पर अतिक्रमण करना तो जैसे उनके लिए कोई मायने नहीं रखता। जिस कारण मुहल्लों से लेकर मुख्य मार्गों तक अतिक्रमण के कारण मार्ग संकरे होते जा रहे हैं। यदा-कदा अतिक्रमण हटाने के अभियान चलाए भी जाते हैं, लेकिन वे ऊंट के मुंह में जीरे के समान ही सिद्ध होते हैं। कारण स्पष्ट है कि कहीं अतिक्रमण के समर्थन में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि खड़े हो जाते हैं, कहीं अतिक्रमणकारियों की दबंगई। एक बात और चिंतनीय है कि प्रशासनिक तथा पुलिस अधिकारियों की लापरवाही से भी यह समस्या विकराल रूप लेती जा रही है। वस्तुस्थिति यह है कि कहीं-कहीं पारिवारिक उत्सवों के लिए मुख्य मार्गों पर तम्बू लगाकर अस्थाई अतिक्रमण करने में कुछ लोग सक्रिय रहते हैं, कहीं बारह फिट की गलियों में दोनों ओर ढाई या तीन फिट का सड़क पर अतिक्रमण करके सड़कों को संकरा कर दिया जाता है। बहुधा धार्मिक स्थलों के नाम पर अतिक्रमण किया जाना आम बात हो गई है। आवास विकास एवं विकास प्राधिकरणों द्वारा बनाई गई कॉलोनियों में भी लोग धार्मिक आधार पर अतिक्रमण करने में पीछे नहीं रहते। ऐसे में आम आदमी की क्या बिसात कि वह अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध कोई कार्यवाही कर सके? इस कारण कुछ प्रदेशों में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ घोषित किया जाता है, किन्तु वास्तविक धरातल पर स्थिति सर्वथा प्रतिकूल ही प्रतीत होती है। ऐसे में आवश्यक है कि किसी भी नगर या महानगर में प्राथमिक आधार पर सड़क घेरकर किये जाने वाले आयोजन प्रतिबंधित हों तथा किसी संपर्क मार्ग पर सड़क पर किये जाने वाले किसी भी अतिक्रमण को तुरंत हटाने की कार्यवाही की जाए। यही नहीं सार्वजानिक मार्गों व सार्वजनिक स्थलों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण दंडनीय अपराध घोषित हो, ताकि कोई भी नागरिक किसी भी सार्वजनिक स्थल पर अतिक्रमण करने का दुस्साहस न कर सके। - **डॉ. सुधाकर आशावादी**

# संघ आज विश्व का सबसे बड़ा स्वयंसेवी संगठन- महेश जी

## संघ की प्रमुख जन गोष्ठी

**बिजनौर ( चिंगारी )।** संघ शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों की श्रृंखला के अन्तर्गत चतुर्थ कार्यक्रम प्रमुख जन गोष्ठी का रविवार को काकरान वाटिका बिजनौर में सम्पन्न हुआ। गोष्ठी में मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संघ चालक महेशपाल सिंह और प्रांत विद्यार्थी प्रमुख डॉक्टर विदित रहे। कार्यक्रम का संचालन यशपाल सिंह जिला बौद्धिक प्रमुख ने किया।

बिजनौर नगर, नजीबाबाद, किरतपुर, झालू, नांगल, मंडावर आदि जगहों से प्रमुख व्यक्ति गोष्ठी में उपस्थित रहे। गोष्ठी का प्रारम्भ मुख्य वक्ताओं द्वारा भारत माता, डॉक्टर हेडगेवार तथा श्री गुरुजी के चित्र पर पुष्प अर्पण कर किया गया। मुख्य वक्ता महेश




जी ने हिंदुत्व की विचारधारा पर विचार रखते हुये संघ की 100 वर्ष की यात्रा पर प्रकाश डालते हुये बताया कि किस प्रकार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की गई और संघ व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण की कार्यपद्धति को अपनाकर संघ आज विश्व का सबसे बड़ा स्वयंसेवी संगठन बन गया है। मुख्य वक्ता डॉक्टर विदित ने पंच परिवर्तन पर प्रकाश डालते हुये कहा कि आने वाली पीढ़ियों की भलाई के लिये हमें पूरे समाज को साथ लेते हुये सामाजिक समरसता, कुटुम्ब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी और नागरिक कर्तव्य को अपनाना ही होगा। उन्होंने कहा कि समाज से जात-पात की भावना को दूर करने के लिए सामाजिक समरसता पर कार्य करना होगा।

कार्यक्रम स्थल पर संघ की एक प्रदर्शनी भी लगाई गई थी तथा साहित्य बिक्री का स्टाल भी लगा हुआ था, जिससे गोष्ठी में आये प्रमुख जनों ने पुस्तकें भी खरीदीं। कार्यक्रम में संघ के विभाग प्रचारक क्रांति कुमार व अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

# विधायक ओम कुमार ने किया क्षेत्र भ्रमण





**नहटौर ( चिंगारी )।** नहटौर विधानसभा क्षेत्र के विधायक ओम कुमार ने जनसंपर्क अभियान के दौरान ग्राम बसेड़ा खुर्द, शिकोहपुर उर्फ खदाना, अलीनगर पालनी एवं बसेड़ा कुंवर, नंगला में पहुंचकर क्षेत्रवासियों से संवाद स्थापित किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा उनके त्वरित एवं प्रभावी समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

विधायक ओम कुमार ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश एवं केंद्र की भाजपा सरकार जनकल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और विभिन्न योजनाओं के माध्यम से समाज के प्रत्येक वर्ग तक लाभ पहुंचाने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। उन्होंने ग्रामीणों को सरकार द्वारा संचालित जनहितकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी प्रदान की। जनसंपर्क के दौरान क्षेत्रवासियों द्वारा विधायक जी का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष भाजपा भटियाना हिमांशु पाराशर, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा बिजनौर राजीव सिसोदिया, राकेश कुमार (ब्लॉक प्रमुख नहटौर), रोहतास सिंह कुंवर, चमन दहिया, पंकज चेयरमैन, दानवीर चौहान, दिव्यांशु दहिया, मंगल सिंह, तेजपाल सिंह (पूर्व प्रधान बसेड़ा खुर्द), ओमप्रकाश सिंह (डायरेक्टर गन्ना समिति धामपुर), भूपेंद्र सिंह (मंच संचालक), ईश्वर दयाल (प्रधान), विपिन कुमार (पूर्व प्रधान), विनीत चौहान (क्षेत्र पंचायत सदस्य), नीरज कुमार, पप्पन (सेक्रेट्री), शेर सिंह सहित भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, क्षेत्र के गणमान्य जन एवं सम्मानित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# जंगली जानवरों के शिकार के लिए दबाये गये गोले पर पैर पड़ने से विस्फोट, किशोर घायल

**बढ़ापुर ( चिंगारी )।** आरक्षित वन क्षेत्र की सीमा से सटे एक खेत में रखे बारूद के गोले की चपेट में आने से एक किशोर गम्भीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना पुलिस को दिए जाने के बाद स्थानीय पुलिस द्वारा घायल किशोर को मेडिकल के लिये सीएचसी नगीना भेजा गया, जहां से चिकित्सकों ने घायल की हालत चिंताजनक देखते हुए उसे हायर सेंटर रैफर कर दिया है। थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव बहेड़ी के समीप आरक्षित वन क्षेत्र की सीमा में वन गुर्जर रहते हैं। शनिवार को वन गुर्जर मोहम्मद कासिम का 13 वर्षीय पुत्र आकिब आरक्षित वन क्षेत्र की सीमा से सटे एक खेत में भैंसों को चरा रहा था, तभी अचानक खेत की बाड़ के पास वन्य जीवों के लिए रखे विस्फोटक सामग्री से बने गोले पर किशोर का पैर रखा गया, जिससे तेज धमाके के साथ गोला फट पड़ा और उसकी चपेट में आकर आकिब गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि उसका दूसरा भाई कुछ दूरी पर होने के कारण बाल-बाल बच गया। घटना जंगल की सीमा से सटे उस इलाके की है जहां ग्रामीणों का लगातार आना-जाना रहता है। धमाके की आवाज सुनते ही आसपास के लोग मौके की ओर दौड़ पड़े और परिजन घायल बच्चे को तुरंत उपचार के लिए लेकर रवाना हो गए। पीड़ित के पिता का आरोप है कि जंगली जानवरों के शिकार के उद्देश्य से क्षेत्र में पहले भी इस प्रकार के विस्फोटक दबाए जाते रहे हैं। करीब छह माह पूर्व भी इसी तरह के एक गोले की चपेट में आकर एक गुर्जर की भैंस की मौत हो गई थी। जिसके बाद संबंधित लोगों ने ऐसी हरकत दोबारा न करने का आश्वासन दिया था। इस बार इन लोगों के द्वारा रखे गोले की चपेट में आकर उसका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया।

# वर्धमान कॉलेज के 354 छात्र-छात्राओं ने दी भारतीय ज्ञान प्रणाली परीक्षा

### दिव्यांशी वर्मा ने किया शानदार प्रदर्शन

**बिजनौर ( चिंगारी )।** वर्धमान कॉलेज बिजनौर में विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान और दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित भारतीय ज्ञान प्रणाली परीक्षा पर आधारित परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा में देश भर से 68000 परीक्षार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया, वहीं वर्धमान कॉलेज के 354 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में प्रतिभाग किया। इस परीक्षा में कॉलेज की बी.एससी. की छात्रा दिव्यांशी वर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर मेरिट सूची में अपना स्थान बनाया है। इस सफलता पर दिव्यांशी को कॉलेज में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के कार्यक्रम में रविवार को सम्मानित किया गया। प्रोत्साहन के रूप में 2500 की सांत्वना राशि प्रदान की गई। इस परीक्षा का उद्देश्य आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ छात्रों को पाचीन भारतीय विज्ञान, गणित, दर्शन और संस्कृति से अवगत कराना है। कॉलेज परिवार ने विद्यार्थियों की इस कड़ी मेहनत और समर्पण की सराहना की।

# वीपी सिंह व रॉनी का बसपाइयों ने किया जोरदार स्वागत

### जिला स्तरीय बैठक में संगठन की मजबूती पर जोर

**बिजनौर ( चिंगारी )।** बहुजन समाज पार्टी के जिला कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में पूर्व सीएम एवं बसपा सुप्रीमो मायावती द्वारा वीपी सिंह और अरुण कुमार उर्फ रॉनी को मंडल कोऑर्डिनेटर नियुक्त किए जाने पर पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनका फूलमालाओं से स्वागत किया। रविवार को पार्टी कार्यालय पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में मंडल कोऑर्डिनेटर वीपी सिंह ने कहा कि पार्टी सर्वसमाज को जोड़ने का कार्य करेगी और सभी वर्गों को साथ लेकर आगे बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओं की मेहनत से वर्ष 2027 में



बहुजन समाज पार्टी की सरकार बनाना लक्ष्य है, ताकि कुमारी मायावती पुनः उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री बन सकें। मंडल कोऑर्डिनेटर अरुण कुमार उर्फ रॉनी ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी सर्वसमाज की पार्टी है, जिसने हमेशा हर वर्ग को सम्मान दिया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने और जनता के बीच सक्रिय रहने का आह्वान किया। बसपा जिलाध्यक्ष डीपी सिंह की अध्यक्षता व संजीव सैनी के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता हरदयाल सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष अखिलेश हितैषी, कविराज सिंह, दिलीप कुमार उर्फ पिंटू, मुंशी सददीक, अकील अंसारी, सद्दाम राणा, नरेश कुमार, चेतराम सिंह, अमर सिंह, प्रमोद कुमार, सुरेंद्र सिंह, लखबीर सिंह आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से एक की मौत, बाइक सवार दो अन्य गंभीर घायल

धामपुर ( चिंगारी )। ग्राम हर्रा के पास हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसके साथ बाइक पर सवार दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। इस हादसे के बाद जहां परिजनों में कोहराम मच गया, वहीं गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम ढक्का कर्मचंद निवासी विजयपाल सिंह के पुत्र आर्यन ( 25 वर्ष ) व आकाश ( 21 वर्ष ) अपने रिश्तेदार पुनीत ( 19 वर्ष ) पुत्र कल्लू सिंह के साथ बाइक से रविवार की शाम धामपुर से अपने गांव ढक्का कर्मचंद लौट रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक ग्राम हर्रा के समीप पहुंची, तभी पीछे से आ रहे एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार तीनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से तीनों घायलों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ( सीएचसी ) धामपुर लाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद आर्यन को मृत घोषित कर दिया। वहीं आकाश और पुनीत की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर मुरादाबाद रैफर कर दिया गया। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भिजवा दिया है। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी हुई है।


मृतक का फाइल फोटो।

# 11 साल की लड़की ने फांसी लगा कर आत्महत्या की!

धामपुर ( चिंगारी )। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में उस समय सनसनी फैल गई, जब कक्षा 5 में पढ़ने वाली मात्र 11 वर्षीय किशोरी ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना से गांव में शोक व्याप्त हो गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। धामपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव हकीमपुर नारायण उर्फ नंगला की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार मृतक किशोरी गांव के ही प्राथमिक विद्यालय में कक्षा 5 की छात्रा थी। रविवार दोपहर वह घर में अकेली थी, तभी उसने अपने दुपट्टे से फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। कुछ देर बाद जब परिजनों की नजर उस पर पड़ी, तो घर में चीख-पुकार मच गई। पुलिस को सूचना दी गई। जिस पर धामपुर पुलिस मौके पर पहुंची और किशोरी के शव को फंदे से नीचे उतरवाकर कब्जे में लिया। किशोरी की मौत से हर कोई स्तब्ध है कि आखिर इतनी छोटी उम्र में उसने ऐसा कदम क्यों उठाया। पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय पांडे ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तथा मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि आत्महत्या के कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस हर पहलू से जांच में जुटी हुई है।

# राज्य निर्माण सेनानियों ने दी आंदोलन की धमकी

ऋषिकेश ( चिंगारी )। उत्तराखंड राज्य निर्माण सेनानियों की एक बैठक आईएसबीटी परिसर में आहुत की गई। बैठक में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा के बाद प्रस्ताव पास भी किये गए। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि ऋषिकेश आईडीपीएल में पुलिस चौकी के पास का इतना बड़ा कारनामा चल रहा था, क्या पुलिस को पता नहीं था। पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि पुलिस जनता की सुरक्षा के लिए बनी है लेकिन लगता है कि कुछ समय से पुलिस शराब के कारोबार में भी संलिप्त तथा जमीनों में भू माफिया के साथ कड़ी नजर आती है यह उत्तराखंड के लिए बड़ा ही चिंतनीय विषय है, इसे उत्तराखंड की संस्कृति को बिगड़ने का काम किया जा रहा है, जो लोग डांस बार कैसीनों में संलिप्त पाए गए उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। देहरादून में पीआरडी जवान की जो शराब के नशे में मौत बताई गई इसकी भी कड़ी जांच होनी चाहिए।

बैठक में आगामी परिसीमन के विषय में भी गहन चर्चा हुई परिसीमन केवल क्षेत्रफल के आधार पर ही होना चाहिए। वरना राज्य निर्माण सेनानी सड़कों पर उतरकर जन आंदोलन करेंगे। बैठक में समिति के अध्यक्ष डीएस गोसाई, गंभीर मेवाड़ रमेश रतूड़ी, राजेश शर्मा, राजेंद्र कोठारी, गुलाब सिंह रावत, महादेव रागड, बेताल सिंह धनाई, बृजेश डोभाल, जगदीश भट्ट, मनोहर सिंह चौहान, विजय जोशी, राजेंद्र रावत, एचएन सिंह, बी डोबरियाल, श्रीमती शीला ध्यानी, रामेश्वरी चौहान, जय डोभाल, भगवती चमोली, जयंती नेगी, शकुंतला नेगी, चैता कंडवाल, सुशीला पोखरियाल, ज्ञानी देवी, गंगोत्री, रूपा दशामाना, पुणे राणा आदि उपस्थित थे। बैठक के अध्यक्षता श्रीमती रामेश्वरी चौहान तथा संचालन डीएस गुसाईं ने किया।



# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने हिन्दू नववर्ष के उपलक्ष्य में गैंडीखाता में किया एकत्रीकरण कार्यक्रम



चिड़ियापुर ( चिंगारी )। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने लालढांग खण्ड में हिंदु नववर्ष के अवसर पर गैंडीखाता में एकत्रीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें लालढांग खण्ड के स्वयंसेवक उपस्थित हुये। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सह जिला कार्यवाह संजय ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की यात्रा एवं 2025 में संघ के 100 वर्ष में संघ द्वारा किये गये राष्ट्र व सामाजिक कार्यों पर प्रकाश डाला। साथ ही संघ की भविष्य की नीतियों जिसमें प्रांत व्यवस्था समाप्त तथा संभाग व्यवस्था को आरंभ किया गया। पहले उत्तराखंड एक पर प्रांत था अब वह दो सम्भागों गढ़वाल व कुमाऊं में विभाजित हो गया है, जिससे संघ का कार्य बहुत प्रमाणिकता के साथ समाज के मध्य जाएगा। लालढांग खण्ड के संघचालक प्रकाश डोबरियाल ने अपने आशीषवचन में कहा कि संघ अपने सेवा कार्यक्रमों के लिए जाना जाता है। संघ निरंतर समाज में अनेक प्रकार के संगठनों के माध्यम से कार्य करते है। कार्यक्रम में मुख्य शिक्षक कमल सिंह चौहान रहे। कार्यक्रम में खण्ड कार्यवाह कृष्ण कुमार गुप्ता, खण्ड बौद्धिक प्रमुख कृष्णा उपाध्याय, कार्यक्रम शारीरिक शिक्षण प्रमुख देशराज सिंह राठौड़, सह खण्ड कार्यवाह ब्रह्मपाल, मण्डल कार्यवाह तेजराम सिंह, धर्मेंद्र सिंह, सुशील पाल, मनोज अमोली, रामनारायण आदि उपस्थित रहे।

# चार कारों की टक्कर में सभी के चालक घायल

## एक चालक ने पी रखी थी शराब

श्यामपुर/ हरिद्वार ( चिंगारी )। कोतवाली श्यामपुर पुलिस को रविवार को डायल 112 के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि चौकी चंडीघाट से पहले हाईवे पर चार कारों की टक्कर हुई है। सूचना पर श्यामपुर पुलिस उप निरीक्षक सुभाष चन्द, हेड कांस्टेबल विकास भट्ट, कां नीरज बिष्ट, द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया। मौके पर दुर्घटना होने की जानकारी की गई तो कार बलेनो का चालक शराब के नशे में प्रतीत होने पर उसका जिला चिकित्सालय हरिद्वार से मेडिकल कराने पर ऐल्कोहॉल की पुष्टि हुई, जिसके उपरांत चालक को श्यामपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके वाहन कार बलेनो को सीज कर दिया गया। गिरफ्तार कार चालक ने पूछताछ में अपना नाम ललित राठी पुत्र दयानन्द राठी निवासी अलीपुर पो.ओ. घामरोज, तहसील सोहना, जनपद गुडगांव (हरियाणा) बताया। कोतवाली श्यामपुर के कोतवाल मनोहर भंडारी ने बताया कि कार स्वामियों व घायलों द्वारा अभी तक घटना के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र नहीं दिया गया है। कार चालकों द्वारा प्रार्थना पत्र दिये जाने पर शेष विधिक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। गिरफ्तार अभियुक्त को मा. न्यायालय मे पेश किया जा रहा है।


शराब पीकर कार चलाने का आरोपी चालक।

# भारत स्वरूप एकेडमी का वार्षिक परीक्षाफल घोषित, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी सम्मानित

धामपुर ( चिंगारी )। ग्राम मीमला स्थित भारत स्वरूप एकेडमी में समारोहपूर्वक वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। समारोह का शुभारंभ डीपीएस कॉलेज कांठ के प्राचार्य प्रोफेसर सोमपाल सिंह, आरएसएम कॉलेज के प्रवक्ता ओम प्रकाश मौर्य व प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ. लोकबीर सिंह द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया।

समारोह में प्री नर्सरी से कक्षा 9 तक के विद्यार्थियों कार्तिक गहलौत, ख्याति, माही, जयांश, ओजस सिंह, नवीका राज सिंह, अर्नव चौहान, अक्षिता सिंह, आराध्या सिंह, हिमांशी कांची को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। अभिभावक संवाद के अंतर्गत विद्यालय एवं अभिभावकों के संबंधों को सुदृढ किया गया। इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्या उपासना यादव ने कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।


उत्तीर्ण विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए डॉक्टर लोकबीर सिंह।

# सांस्कृतिक राष्ट्रवाद से बनेगा विकसित भारत- प्रो. आनंदवर्धन शुक्ल

## वर्धमान कॉलेज में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी सम्पन्न






**बिजनौर ( चिंगारी )। वर्धमान कॉलेज बिजनौर में 'विकसित भारत 2047 उपलब्धियां, चुनौतियां और संभावनाएं' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गई।**

दूसरे दिन विषय विशेषज्ञ प्रोफेसर ललित तिवारी कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल ने कहा कि जलवायु परिवर्तन और जैव विविधता पर ध्यान दिए बिना विकसित होने की बात करना बेमानी है। ऑनलाइन व्याख्यान में प्रोफेसर मनसब आलम जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय ने विकसित भारत के सपने को साकार करने में तकनीकी नवाचार की भूमिका विषय पर विस्तार से चर्चा की। प्रोफेसर परवेज आलम अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय अलीगढ़ ने कहा कि हमारा भारत 2047 तक तभी विकसित राष्ट्र बन सकता है, जब अपनी भावी पीढ़ी को किसी न किसी कौशल से जोड़कर सशक्त करें।

संगोष्ठी में तकनीकी सत्रों में लगभग 47 शोध-पत्र प्रस्तुत किए गए। ऑनलाइन सत्र की अध्यक्षता डा. रामभरोसे और सह-अध्यक्षता प्रोफेसर एस.के. जोशी ने की। ऑफलाइन सत्र की अध्यक्षता डा. आरती उपाध्याय, सह-अध्यक्षता प्रोफेसर पूनम शर्मा ने की। संगोष्ठी में लगभग 255 रजिस्ट्रेशन हुए।

संगोष्ठी के कन्वीनर प्रोफेसर जे.के. विश्वकर्मा ने दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी की आख्या प्रस्तुत की। मुख्य वक्ता प्रोफेसर विजय वर्मा दिल्ली विश्वविद्यालय ने अपने वक्तव्य में कहा कि विकसित करने से आशय मजबूती से है और ये मजबूती सामाजिक, आर्थिक और राजनीति रुप से विकसित होना है। विशिष्ट अथिति प्राचार्या आरएसएम महाविद्यालय धामपुर रश्मि रावल ने बताया कि विकसित देश का सपना सिर्फ आर्थिक नहीं होना चाहिए, हमें मानवता और नैतिक रुप से विकसित होना चाहिए अन्यथा हम सब रोबोट हो जायेंगे।

मुख्य अतिथि प्रोफेसर आनंद वर्धन शुक्ल पूर्व आईपीएस एवं कुलपति मेवाड़ विश्वविद्यालय ने अपने संबोधन में कहा कि सांस्कृतिक राष्ट्रवाद अतिआवश्यक है। अध्यक्षीय भाषण में प्राचार्या प्रोफेसर प्रीति खन्ना ने दो दिवसीय सेमिनार के सफल आयोजन के लिये सभी शिक्षण व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों तथा अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. रेशु शर्मा ने किया।

## कृष्णा कॉलेज में दो दिवसीय सेमिनार का आयोजन




**बिजनौर ( चिंगारी )।** कृष्णा ग्रुप ऑफ कालेजेस विकसित भारत 2047 विषय पर दो दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में विभिन्न विषय विशेषज्ञों ने भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के बारे में अपने विचार प्रकट किये। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के चेयरमैन प्रदीप जोशी, महाविद्यालय संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, निदेशक योजना व विकास डॉ. एस.सी.जैन, कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ प्राचार्य डॉ. परवेज अहमद खान, कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंस प्राचार्या डॉ. सीमा शर्मा ने दीप प्रज्वलित करके किया। प्रदीप जोशी ने बताया कि किस प्रकार भारत 2047 तक एक विकसित राष्ट्र एवं एक महाशक्ति बनने की दिशा में अग्रसर है। इस अवसर पर महाविद्यालय संस्थापक निदेशक राजीव कुमार ने विकसित भारत के विभिन्न आयामों एवं उपलब्ध अवसरों पर प्रकाश डाला। उन्होंने मेक इन इण्डिया स्टार्ट अप इंडिया और स्किल इंडिया जैसे कार्यक्रमों का जिक्र किया। कृष्णा ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के चेयरमैन मनोज कुमार ने विकसित भारत के स्वप्न को साकार करने में युग छात्रशक्ति एवं रोजगार परक शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया। कृष्णा कॉलेज की प्राचार्या डॉ. सीमा शर्मा ने सभी वक्ताओं का आभार प्रकट किया। सेमिनार का आयोजन डॉ. एस.सी. जैन के मार्गदर्शन में वाणिज्य विभागाध्यक्ष सूरज शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन दीपशिखा अग्रवाल व प्रियंका राजन अग्रवाल द्वारा किया गया।

## बिजनौर में होगी बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता, शासन को प्रस्ताव भेजा

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिला क्रीड़ा अधिकारी राजकुमार ने बताया कि बिजनौर महोत्सव के अंतर्गत वर्ष 2024 में आयोजित बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता अत्यंत सफल रही थी। इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों और दर्शकों का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला था, जिससे आयोजन को बड़ी सराहना मिली। इसी सफलता को देखते हुए जिले में एक बार फिर बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता आयोजित कराने की तैयारी शुरू कर दी गई है। इसके लिए प्रस्ताव तैयार कर खेल निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ को भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि जैसे ही शासन स्तर से स्वीकृति और आवश्यक निर्देश प्राप्त होंगे, प्रतियोगिता की तिथि घोषित कर दी जाएगी और विस्तृत जानकारी सार्वजनिक की जाएगी। राजकुमार ने यह भी बताया कि प्रस्ताव जिला खेल कार्यालय, बिजनौर से भेजा जा चुका है और स्वीकृति मिलते ही आयोजन कराया जाएगा। प्रतियोगिता में बिजनौर के साथ-साथ अन्य जनपदों और बाहरी क्षेत्रों के खिलाड़ी भी हिस्सा ले सकेंगे। प्रवेश पूरी तरह निःशुल्क रहेगा। उन्होंने इच्छुक खिलाड़ियों से अपील की है कि वे प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए तैयार रहें और अधिक जानकारी के लिए जिला खेल कार्यालय, बिजनौर से संपर्क बनाए रखें।

## बिजनौर बी टीम ने जीती जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता

**बिजनौर ( चिंगारी )।** बिजनौर क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा रविवार को आयोजित जिला स्तरीय अंडर 16 ट्रायल मैचों के अंतिम दिन बिजनौर बी ने बिजनौर डी को 4 विकेट से हराया। नेहरू स्टेडियम में चल रही ट्रायल क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतिम दिन टीम D ने जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया, जिसमें निर्धारित 30 ओवरों में टीम ने 6 विकेट पर 172 रन बनाए, जिसमें शिवांश राणा ने 47, यश कुमार ने 47 रन बनाए। टीम B की ओर से मीत त्यागी और लवीश ने 2-2 विकेट लिए। जवाब में टीम B ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए 27.3 वे ओवर में ही 4 विकेट से जीत हासिल कर ली, जिसमें लवीश ने 40 व तन्मय राठी ने 36 रनों का योगदान दिया। टीम D की ओर से शहनूर 2, यश ने 1 विकेट लिए। मैच के अंपायर चितवन शर्मा व धनंजय शर्मा रहे व स्कोरर प्रिंस रहे। क्रिकेट कोच नागेंद्र सारस्वत के अनुसार इन मैचों के प्रदर्शन के आधार पर ज़ोनल के लिए खिलाड़ियों का चयन सलेक्टर्स द्वारा किया जाएगा। मैच में जिला क्रीड़ाधिकारी राजकुमार, डॉ. एके अग्रवाल, नागेन्द्र सारस्वत, दीपक भटनागर, अजय जैन, संजीव चौधरी, मानव सचदेवा, अमित कुमार आदि उपस्थित रहे।

## सड़क पर खड़े डम्पर से बाइक टकराई, दो मित्रों की मौत, तीसरा गंभीर घायल





**चांदपुर ( चिंगारी )।** सड़क पर खड़े डंपर से मोटरसाइकिल की भिड़ंत हो जाने से बाइक सवार दो दोस्तों की मौत हो गई, जबकि एक गम्भीर रूप से घायल हो गया। घटना से मृतकों के घरों में कोहराम मच गया तथा परिवार के लोग मौके पर पहुंच गए।

शिवाला कला थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम सुनगढ़ निवासी राहुल चौहान (30वर्ष) पुत्र बलकरन सिंह शामली शुगर मिल में केमिस्ट के पद पर कार्यरत था। राहुल चौहान छुट्टी पर अपने गांव आया हुआ था। रविवार की दोपहर को राहुल चौहान गांव के ही अपने दोस्त अमर सिंह, (40 वर्ष) पुत्र रामपाल सिंह व दीपक पुत्र रमेश सिंह के साथ मोटरसाइकिल से धनौरा में रहने वाली अपनी मौसी के यहां जा रहा था। बताया जाता है कि चांदपुर-धनौरा रोड पर बबनपुरा व चुचैला के बीच ढोगली चौराहे पर खड़े डंपर से मोटरसाइकिल के टकराने से राहुल चौहान की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अमर सिंह की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। दुर्घटना में मोटरसाइकिल पर सवार तीसरा युवक दीपक गम्भीर रूप से घायल हो गया, जिसको उपचार के लिए अमरोहा ले जाया गया है। मृतक राहुल चौहान क्षेत्र के ग्राम रूपपुर निवासी समाजसेवी ठाकुर वेदप्रकाश चौहान के साढ़ू थे।

## भांजी की शादी में भाग लेने आ रहे मामा की सड़क हादसे में मौत



**धामपुर ( चिंगारी )।** मोहल्ला पहाड़ी दरवाजा पक्का बाग निवासी अरशद उर्फ टिंकू की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना से पूरे मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई। जिस घर में शादी की तैयारी चल रही थी, हादसे से हड़कंप मच गया। बताया जाता है कि अरशद अपनी भांजी की नगीना होने वाली शादी में शामिल होने के लिए दिल्ली से बाइक द्वारा धामपुर आ रहा था। परिवार को उसके घर आने का इंतजार था। नगीना में बहन के घर में शादी की तैयारियां जोरों पर चल रही थीं। रिश्तेदारों का आना-जाना लगा हुआ था। हर चेहरे पर खुशी थी। लेकिन किसी को क्या पता था कि यह खुशियां कब मातम में बदल जाएंगी। जैसे ही अरशद अपनी बाइक से गजरौला क्षेत्र के बरछाय के पास पहुंचा तो तभी तेज रफ्तार से आ रहे एक वाहन ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही उसका हेलमेट दूर जा गिरा और वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में पहुंचाया, लेकिन डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के पास मिले दस्तावेज के आधार पर परिजनों को फोन पर सूचना दी। फोन पर सूचना प्राप्त होते ही परिजन रात को ही मौके के लिए रवाना हो गए। जब शव घर पहुंचा तो वहां मातम छा गया और परिजनों की चीख पुकार निकलने लगी। रविवार को दोपहर जोहर की नमाज के बाद गमगीन माहौल में अरशद के शव को सुपुर्द खाक कर दिया गया।

# परीक्षाफल घोषित : सभी कक्षाओं में छात्राओं ने टॉप किया



मेधावी बच्चों को मिठाई खिलाते प्रधानाचार्य राजीव चौहान

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** स्थानीय राजा भरत सिंह इंटर कॉलेज का गृह परीक्षाओं का वार्षिक परीक्षाफल आज सुबह घोषित किया गया। अधिकांश कक्षाओं में छात्राओं ने टॉप किया। परीक्षाफल वितरण का शुभारम्भ प्रधानाचार्य राजीव चौहान तथा गृह परीक्षा प्रभारी सत्यप्रकाश आर्य ने बच्चों को रिपोर्ट कार्ड देकर किया। उन्होंने बताया कि कक्षा 6 में यशिता (1449 अंक), नायला (1429 अंक) एवं शिदरा (1427 अंक) ने , कक्षा 7 में मानवी (1505 अंक), पूर्णिमा (1416 अंक) एवं मानवी कुमारी (1232 अंक) ने, कक्षा 8 में सृष्टि शर्मा (1397 अंक), माही राजपूत (1395 अंक) एवं गीता (1346 अंक) ने, कक्षा 9 में माईरा (880 अंक), कहकशा (879 अंक) एवं यथार्थ शुक्ला (872 अंक) ने, कक्षा 11 कला वर्ग में अंशिका (701अंक), दिव्या (646 अंक) एवं अलफिशा (616 अंक) ने, कक्षा 11 विज्ञान वर्ग में अरमान (803 अंक), वैभव राजपूत (797 अंक) एवं शगुन (786 अंक) ने, कक्षा 11 व्यवसायिक वर्ग में सैंकी (1273 अंक), मौ. साहिल (1266 अंक) एवं राजवीर (1247 अंक) ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 6, 7, 8 के पूर्णांक 1600, कक्षा 9 के पूर्णांक 1020, कक्षा 11 कला वर्ग एवं विज्ञान वर्ग के पूर्णांक 1000 तथा कक्षा 11 व्यावसायिक वर्ग के पूर्णांक 2000 रहे। विद्यालय का कुल परीक्षाफल 94 प्रतिशत रहा। प्रधानाचार्य राजीव चौहान ने मेधावी बच्चों को मिठाई खिलाकर बधाई, शुभकामनायें दीं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सर्वेशचन्द्र शर्मा, संजय कुमार सिंह, राजपाल सिंह, मौ. अरशद, संजय गोयल, विनय सिंह वर्षवाल, अतुल कुमार आदि

## बरकातपुर मिल बंदी का प्रथम नोटिस जारी

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** बरकातपुर मिल का पेराई सत्र अंतिम चरण में है। संयुक्त अध्यक्ष नरपत सिंह राठौर तथा महाप्रबंधक (गन्ना) विकास पुंडीर ने बताया कि मिल बंदी का प्रथम नोटिस जारी कर दिया गया है, जो 2 अप्रैल के लिये है। चीनी मिल के पेराई सत्र की शुरुआत 5 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा (गंगा स्नान) के अवसर पर हुई थी। मिल चालू पेराई सत्र में अब तक एक करोड़ 16 लाख कुंतल गन्ने की पेराई कर चुकी है। जबकि पेराई सत्र 2024-25 में मिल ने कुल एक करोड़ 46 लाख कुंतल गन्ने की पेराई की थी। चीनी मिल ने मिल बंदी का प्रथम नोटिस भले ही 2 अप्रैल के लिये घोषित किया है, मगर मिल 6-8 अप्रैल तक चलने की संभावना है। पिछले वर्ष मिल के पेराई सत्र का समापन एक मई की रात्रि में हुआ था।

## कांटों ने मुझे रजनीगंधा की महक दी है!



यह कोई परिकथा नहीं, न कोई स्वप्न, बल्कि जीवन का यथार्थ है कि मैंने अपनी इच्छा शक्ति की डोंगी जीवन की गंगा में उतार दी, बिना पाथेय हाथ में संभाले, क्योंकि पाथेय उपलब्ध नहीं थे। तब गंगा ही क्या, उसकी सहायक नदियां भी उफन रही थीं और मैं डूबता-उतराता रातों के अंधेरों और दिन के थपेड़ों से होता हुआ चलता रहा, चलता रहा और कितने ही घोंघे, सीपियां बटोरकर यहां आ गया, जहां मैंने उनकी प्रदर्शनी लगा दी है। सच अनुभवों की इन सीपियों से विचार बाहर निकल आये हैं और मैं अपने पाठकों से आग्रह कर रहा हूं कि देखो यह दिया है जीवन की उफनती नदियों ने मुझे। मैंने मुट्ठी में बंद नहीं किया है कुछ, जो मिला है सहेजकर रख दिया है, आपके सामने। जीवन की चुनौतियों ने मेरे अनुभवों के आंचल में कटुता भर दी है, कांटों ने मुझे रजनीगंधा की महक दी है और संघर्षों ने वे भाव दिए हैं, जिनसे आनंद की सुगंध आती रहती है। मेरा काम था अपनी अनुभूतियों को दुलारना, भीगे हुए क्षणों को स्मृतियों के पनघट तक पहुंचाना, फिर पनघट से उठाये कुंभों को पन्नों पर उडेल देना। अपनी आत्मा के मंथन से प्राप्त पीड़ा के अबीर गुलाल को मस्ती के मौसम में दोनों हाथों से बिखेर देना और इस क्रिया को ही अपने जीवन का आखेट मान लेना। नदियों के गले जब तक घोटे नहीं गये, तब तक वे उफनती थी। जब उनका उफनना बंद कर दिया गया, तब उनकी रेत में न स्वर्ण-कण मिले और न ही वे सीपियां, जिनकी पलकों में प्रश्रय लेते थे रत्न। जब आंखें झपकने-चमकने और हंसने की कला भूल गईं तो वे स्मृतियां निकट आईं, जिनकी देहरी पर मैं विचारों के पक्षियों को धूल-स्नान करते छोड़ आया था, ताकि बादल उमड़-घुमड़कर आएं और अनुभूतियों की बदरियां रिमझिम-रिमझिम करने लगें। -बाबू सिंह चौहान

**बाबू सिंह चौहान स्मृति समारोह**
6 अप्रैल 2026, सोमवार
अपराह्न 3:00 बजे से सायंकालीन चाय तक
**स्व. रतनलाल जैन सभागार**
**जैन धर्मशाला, बिजनौर**

## कैम्प में 100 लोगों ने कराया चैकअप

**हल्दौर ( चिंगारी )।** रोटरी क्लब हल्दौर द्वारा लगाए गए हार्ट चैकअप कैंप में 100 से भी अधिक मरीजों का चैकअप किया गया। मेट्रो हॉस्पिटल नोएडा के सहयोग से पुरुषोत्तम नर्सिंग होम पर लगाए गए कैंप में वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. आर्या ने अपनी टीम के त्रिलोक कुमार शर्मा, कुंदन कुमार राय, रवि कुमार, अजीत कुमार और अवशेष कुमार के साथ 100 से भी अधिक मरीजों का चैकअप किया। कैंप में ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, वेट, ईसीजी आदि की जांच नि:शुल्क की गयी। डॉ. आर्या ने मरीजों को सलाह दी कि वे तली हुई चीजों, चिकनाई, चीनी, मैदा से बनी सामग्री का कम से कम प्रयोग करें। नियमित व्यायाम करते रहें, साथ ही 40 वर्ष की आयु के उपरांत नियमित जांच कराते रहें। कैंप में 75 मरीजों की नि:शुल्क ईसीजी भी की गई। हार्ट चैकअप कैंप चेयरमैन अभिषेक कुमार ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि जनहित में लगे इस कैंप में रोटरी क्लब अध्यक्ष नवीन कुमार एड., रो. जितेंद्र कुमार मारबाड़ी, रो. अनुज मारबाड़ी, रो. अशोक कुमार, रो. प्रवीण रस्तोगी, रो. संजय रस्तोगी, रो. देवेंद्र रस्तोगी, रो. अरुण शर्मा, रो. सुरेंद्रपाल सिंह, रो. प्रदीप सिंह, रो. डॉ. राजीव शरण शर्मा, रो. अमित सिंह, रो. भावनी प्रसाद मारबाड़ी, डॉ. हेमचंद राणा आदि का विशेष सहयोग रहा।



**हार्ट को स्वस्थ रखना है तो चीनी, चिकनाई, मैदा का प्रयोग कम करें- डॉ. आर्या**

## कक्षा 7 के निकुंज बने कॉलेज टॉपर

**हिंदू इंटर कॉलेज का परीक्षाफल घोषित**

**चांदपुर ( चिंगारी )।** हिंदू इंटर कॉलेज की गृह वार्षिक परीक्षाओं का परिणाम 90.67 प्रतिशत रहा। प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि निकुंज कुमार कक्षा 7 अ के छात्र ने सर्वाधिक 86.36 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। कक्षा 7 ब के छात्र विशाल कुमार ने 85.52 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय तथा मोहित कुमार कक्षा 7 ब ने 85.27 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। कक्षा 11 में विज्ञान वर्ग में छात्र जतिन कुमार सैनी, कक्षा 9 में धैर्य सिंह, कक्षा आठ में मनीष कुमार, कक्षा 7 में निकुंज कुमार तथा कक्षा 6 में अंकित कुमार ने अपनी-अपनी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्रबंध समिति के कोषाध्यक्ष के.के. गुप्ता, उपप्रबंधक अनिल कुमार गुप्ता, प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार शर्मा एवं उपप्रधानाचार्य दीपक कुमार गर्ग ने मेधावी छात्रों को प्रमाण-पत्र एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान कर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर डॉ. महेंद्र सिंह त्यागी, परीक्षा प्रभारी हंसराज, अमित सिंघल, पुनीत कुमार, नरपाल सिंह, वेदपाल सिंह तथा विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## कबाड़ लेकर जा रही पिकअप खड्डे में गिरी

**पैजनिया ( चिंगारी )।** बिजनौर-नूरपुर हाईवे पर स्थित गांव जलाब्दीपुर के निकट बाइक को बचाने में कबाड़ ले जा रही एक पिकअप सड़क किनारे खड्डे में जा घुसी, जिससे पिकअप चालक मामूली रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों ने गाड़ी को बाहर निकलवाकर चालक का उपचार कराया। मुज्जफरनगर निवासी नसीम नूरपुर और स्योहारा क्षेत्र से कबाड़ खरीदने का काम करता है। रविवार की दोपहर को वह अपनी पिकअप गाड़ी से कबाड़ लेकर मुज्जफरनगर जा रहा था। ग्राम जैनुल आबदीनपुर के सामने गांव की ओर से अचानक सड़क पर आई बाइक को बचाने के चक्कर में पिकप सड़क किनारे खड्डे में जा घुसी।

## मामी के घर में फंदे से लटका मिला सनी



**चांदपुर ( चिंगारी )।** एक युवक की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। मृतक का शव घर में लटका मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। नगर के मुहल्ला सरायरफी निवासी सनी 22 वर्ष पुत्र प्रेम सिंह फीना चौक के नजदीक अपनी मामी के साथ रहता था। बीती रात प्रेम सिंह को सनी की मौत हो जाने की खबर मिली, खबर मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। सनी का शव फंदे पर लटका हुआ था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# धामपुर के अभय एसडीएम तो ठाठ जट के उदित बने नायब तहसीलदार

## ग्राम मटोरा दुर्गा के अभय प्रताप सिंह ने तीसरी रैंक प्राप्त कर जिले को गौरवान्वित किया



अभय प्रताप सिंह

**धामपुर ( चिंगारी )। क्षेत्र के दो होनहार युवकों का उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा चयन हुआ है। ग्राम मटोरा दुर्गा की ग्राम प्रधान श्रीमती अनुराधा एवं संदेश कुमार के सुपुत्र अभय प्रताप सिंह ने तीसरी रैंक प्राप्त कर अपने गांव, परिवार, धामपुर क्षेत्र व बिजनौर जनपद का नाम रोशन किया है। जबकि ग्राम ठाठ जट निवासी उदित कुमार ने 105वीं रैंक प्राप्त की है। दोनों के परिवारों में जश्न का माहौल है। क्षेत्रीय विधायक अशोक कुमार राणा ने कहा कि अभय प्रताप सिंह व उदित कुमार ने धामपुर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।**

ग्राम मटोरा दुर्गा निवासी अवधेश प्रताप सिंह ने चिंगारी को बताया कि उनके भतीजे अभय प्रताप सिंह ने हाईस्कूल व इंटर की पढ़ाई रामगोपाल रामचंद्र सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज धामपुर से की थी। अभय प्रताप ने दूसरे प्रयास में तीसरी रैंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। गत रात्रि उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में अभय प्रताप का सिलेक्शन होने से परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। पीसीएस में कुल 37 पोस्ट थीं, जिनमें 17 पोस्ट जनरल कास्ट की हैं। अभय प्रताप सिंह को तीसरी रैंक मिलने से उनकी उपजिलाधिकारी के रूप में नियुक्ति होगी।

उधर, ग्राम ठाठ जट निवासी श्री गजेंद्र कुमार के सुपुत्र उदित कुमार ने 105 रैंक प्राप्त कर अपने गांव और परिवार का नाम रोशन किया। उदित कुमार की नायब तहसीलदार के रूप में नियुक्ति होगी। भाजपा विधायक अशोक कुमार राणा, युवा भाजपा नेता राणा प्रियंकर सिंह, ब्लॉक प्रमुख श्रीमती क्षमा हेमलता ने धामपुर क्षेत्र के दोनों होनहार युवकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



उदित कुमार

# साइकिल रिपेयरिंग करने वाले के बेटे ने पास की पीसीएस परीक्षा



**शेरकोट ( चिंगारी )।** साइकिल रिपेयरिंग की दुकान करने वाले नगर के मौहल्ला खुराड़ा निवासी मौ शाकिर के होनहार पुत्र फरजंद अली द्वारा पीसीएस-2024 के घोषित हुए फाइनल रिजल्ट में 109 वीं रेंक प्राप्त कर जनपद सहित शेरकोट नगर का नाम रोशन किया है। फरजंद अली की इस उपलब्धि से परिजनों में खुशी की लहर दौड़ गई। फरजंद अली के चाचा मौ आक़िर ने बताया कि उनके भाई मौ शाकिर काफी समय से मुम्बई में साइकिल रिपेयरिंग की दुकान करते हैं। उनके पत्नी और बच्चे शेरकोट में रहते हैं। चार बच्चों में फरजंद सबसे बड़ा है और तीन बहनों का इकलौता भाई है। उन्होंने बताया कि फरजंद अली की प्राथमिक शिक्षा शेरकोट में हुई है, जबकि हाईस्कूल, इंटरमीडिएट और स्नातक की पढ़ाई उन्होंने धामपुर से की है। मौ आक़िर ने बताया कि शुरू से ही मेहनत और लगन के साथ पढ़ाई करने वाले उनके भतीजे फरजंद अली ने उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग (पीसीएस) की परीक्षा पहले प्रयास में पास की है, जिस पर सभी को फक्र है। उन्होंने बताया कि परिवार के सभी पुरुष रोजगार के सिलसिले में बाहर है,घर पर सिर्फ़ महिलाएं हैं।रिजल्ट घोषित होने के बाद से परिजनों में खुशी का माहौल है तथा रिश्तेदार और परिचित परिजनों को बधाई दे रहे हैं। साइकिल रिपेयरिंग का काम करने वाले साधारण व्यक्ति मौ शाकिर के होनहार पुत्र द्वारा हासिल की गई इस बड़ी उपलब्धि की क्षेत्र में खूब सराहना हो रही है और लोग फरजंद अली के घर पहुंचने की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

## शुगर मिल में कूड़ा-प्लास्टिक जलाने का आरोप, डीएम से कार्रवाई की मांग



बिजनौर (चिंगारी)। नूरपुर क्षेत्र के ग्राम चांगीपुर स्थित शुगर मिल द्वारा कूड़ा, कचरा, पन्नी व प्लास्टिक जलाने को लेकर लोगों मे रोष है। समाजवादी आंदोलनकारी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अकबर अली के नेतृत्व में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर इस पर तत्काल प्रतिबंध लगाने की मांग की गई है। ज्ञापन में बताया गया कि नूरपुर क्षेत्र के चांगीपुर स्थित बिंदल शुगर मिल में कथित रूप से कूड़ा-कचरा और प्लास्टिक जलाया जा रहा है, जिससे निकलने वाले धुएं और राख के कारण आसपास के क्षेत्रों में वायु प्रदूषण बढ़ गया है। आरोप है कि राख घरों की छतों, अंदरूनी हिस्सों, अस्पतालों, विद्यालयों और धर्मस्थलों तक पहुंच रही है, जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि प्रदूषण के चलते संक्रमण और बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। हालात यह हैं कि लोगों को दिन में कई बार अपने घरों की छतों से राख साफ करनी पड़ रही है। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि इस संबंध में कई बार शुगर मिल अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। पार्टी ने जिलाधिकारी से मांग की है कि शुगर मिल में कूड़ा, पन्नी और प्लास्टिक जलाने पर तत्काल पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए और पर्यावरण संरक्षण के लिए सख्त कदम उठाए जाएं। ज्ञापन की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड तथा संबंधित शुगर मिल प्रबंधन को भी भेजी गई है।

## एम.एन.आई. स्कूल का वार्षिक परीक्षाफल घोषित, मेधावी छात्र-छात्राएं सम्मानित




बिजनौर (चिंगारी)। बख्शीवाला रोड इरशाद कालोनी स्थित एम.एन.आई. स्कूल का वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को विद्यालय प्रबंधन द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक अबरार अहमद एडवोकेट, मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार मरगूब रहमानी, मुबश्शर हुसैन, सभासद शमशाद अहमद उर्फ गामा, क़ारी नदीम बिजनौरी एवं प्रधानाचार्य सुमैया परवीन ने मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया। एलकेजी (अ) में आयत अंसारी प्रथम, सुबहाना द्वितीय, हुमैरा तृतीय रही। एलकेजी (ब) में तैमूर खान प्रथम, आयत उस्मान द्वितीय, आयत फारुकी तृतीय रहे। यूकेजी (अ) में आयजा प्रथम, इनायाह फकीहा द्वितीय, रयान तृतीय रहे, जबकि यूकेजी (ब) में आईजा नूर प्रथम, अरीबा फातिमा द्वितीय, इनाया तृतीय रही। कक्षा एक (अ) में उर्वी नाज फातिमा प्रथम, अमायरा द्वितीय, इब्राहीम नाजिम तृतीय रही। कक्षा एक (ब) में बरीरा नूर प्रथम, आफिया मलिक द्वितीय, माहिरा खान तृतीय रही। कक्षा दो (अ) में मोहम्मद सुहैल प्रथम, अदिना द्वितीय, आजियान तृतीय रहे, जबकि कक्षा दो (ब) में शिफा प्रथम, मिस्बाह द्वितीय, शहादत तृतीय रही। कक्षा 3 में फरहा प्रथम, फाईजा द्वितीय, मोहम्मद अबूबकर तृतीय रहे। कक्षा 4 में मरयम प्रथम, युसरा द्वितीय, सानिया तृतीय रही। कक्षा 5 में सूफिया प्रथम, मोहम्मद हमजा द्वितीय, शिफा तृतीय रही। कक्षा 6 में फाबिहा प्रथम, तहुरा द्वितीय, अली अहमद तृतीय रहे। कक्षा 7 में शिफा प्रथम, अदीबा द्वितीय, आरिश रहबर तृतीय रहे। कक्षा 8 में जोया प्रथम, शहादत द्वितीय, अर्शी तृतीय रही। प्रधानाचार्य सुमैया परवीन ने सभी विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में उपप्रधानाचार्य आलिया जबी सहित विद्यालय के समस्त स्टाफ का योगदान रहा।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

# 100 ग्राम कुलथी दाल में दूध से तीन गुना ज्यादा प्रोटीन

## रेगुलर खाने से गलेगा किडनी का स्टोन, दाल का पानी भी महिलाओं के लिए फायदेमंद

**दालों को प्रोटीन का सबसे बढ़िया स्रोत माना जाता है। अरहर दाल, मसूर दाल, चना दाल, मूंग दाल, उड़द दाल लगभग हर भारतीय घर में पाई जाती है। इनसे तरह-तरह की डिशेज तैयार होती हैं। हालांकि एक दाल ऐसी है जिसमें सबसे अधिक न्यूट्रिएंट्स हैं। यह है कुलथी दाल। शहरों में यह उतना पॉपुलर नहीं है जितना कि ग्रामीण इलाकों में। झारखंड, छत्तीसगढ़ और ओडिशा के ट्राइबल इलाकों में दालों में सबसे अधिक कुलथी दाल ही खाई जाती है। इसका कारण है इसमें मौजूद पोषक तत्व, पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन के साथ इसमें मिनरल्स और विटामिंस भी होते हैं।**

### किडनी स्टोन को यूरिन के रास्ते करती है बाहर

कुलथी दाल को दाल कम दवा के रूप में अधिक देखा जाता रहा है। डाइटीशियन डॉ. विजय श्री प्रसाद बताती हैं कि इस दाल में कई न्यूट्रिएंट्स के अलावा कम मात्रा में कई बायोएक्टिव पदार्थ पाए जाते हैं जैसे-फेनोलिक एसिड, फ्लैवोनॉइड्स और टैनिंस। ये कई तरह की बीमारियों को खत्म या कम करती है। कई शोधों में बताया गया है कि कुलथी की दाल किडनी में बने स्टोन को गलाने में मदद करती है।




स्टोन गलकर यूरिन के रास्ते निकल जाता है। इसके नियमित सेवन से कांस्टिपेशन को दूर किया जा सकता है। आयुर्वेद में बताया गया है कि इससे गॉल ब्लाडर में जमे स्टोन को भी बाहर निकाला जा सकता है। जिन्हें यूरिक एसिड बढ़ने की शिकायत होती है वे कुलथी दाल का सेवन कर सकते हैं। रेगुलर कुलथी दाल खाने से कोलोन कैंसर का भी रिस्क कम रहता है।




### 100 ग्राम कुलथी दाल में ये हैं न्यूट्रिएंट्स

| | |
|---|---|
| प्रोटीन | 21 ग्राम |
| कार्बोहाइड्रेट | 48 ग्राम |
| वसा | 0.6 ग्राम |
| फाइबर | 7.9 ग्राम |
| कैलोरी | 330 कैलोरी |

**1 पाइल्स के रोगियों के लिए लाभदायक:-** कुलथी दाल पाइल्स के रोगियों के लिए भी अच्छा मानी जाती है। इसमें प्रचुर मात्रा में फाइबर पाया जाता है। इसे सलाद के रूप में कच्चा खा सकते हैं। इसे रात में भिगोकर रखें और सुबह इसके पानी को पी जाएं तो पाइल्स में काफी राहत मिलती है।

**2 कोलेस्ट्रॉल को रखे कंट्रोल में:-** कुलथी की दाल शरीर में LDL यानी बैड कोलेस्ट्रॉल को कम करती है। वहीं HDL यानी गुड कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाती है। डॉ. विजय श्री के अनुसार, डाइट में कुलथी दाल को शामिल किया जाए तो कोलेस्ट्रॉल कंट्रोल में रहता है।

**3 स्पर्म को पतला करना से रोके:-** कुलथी दाल में कैल्शियम, फॉस्फोरस, आयरन और एमिनो एसिड होते हैं। इससे पुरुषों में स्पर्म बढ़ता है। आयुर्वेद में बताया गया है कि कुलथी की दाल स्पर्म को पतला होने से रोकती है। जिनमें स्पर्म की कमी होती है वे इसे औषधि के रूप में ले सकते हैं।



**4 सर्दियों में शरीर रखे गर्म:-** आयुर्वेद में कुलथी की तासीर को गर्म बताया गया है। सर्दियों में लोगों को सर्दी-जुकाम, खांसी की शिकायत अधिक होती है। कुलथी दाल खाने से सीजनल फ्लू तो दूर होता ही है, शरीर को भी गर्म रखने में मदद मिलती है।

**5 ब्लड ग्लूकोज भी रखे नियंत्रित:-** कुलथी की दाल में ऐसे न्यूट्रिएंट्स होते हैं जो ब्लड ग्लूकोज लेवल को नियंत्रित रखते हैं। डायबिटीज रोगियों को कुलथी दाल खाने की सलाह दी जाती है।

# भारत का पहला रेस्टोरेंट: प्लास्टिक कूड़ा लाने पर देता है मुफ्त में पेट भर खाना!




**क्या आपको भूख लगी है? आप पेट भर खाना खाना चाहते हैं? अगर हां, तो इसके लिए पैसे देने की जरूरत नहीं है और आप अच्छे खासे रेस्टोरेंट में खाना खा सकते हैं। जी हां, जानकर हैरानी हो रही होगी, लेकिन हम जिस रेस्टोरेंट की बात कर रहे हैं वो मुफ्त में खाना देता है, बस इसके लिए आपके पास प्लास्टिक का कूड़ा होना चाहिए। हैरान होने की जरूरत नहीं है ऐसा एक रेस्टोरेंट भारत में है जहां लोगों को प्लास्टिक की बोतल देने पर खाने के लिए खाना दिया जाता है।**

**भारत का पहला गार्बेज कैफे:** ये अजब-गजब आइडिया वाला कैफे भारत के छत्तीसगढ़ में है, जिसे गार्बेज कैफे के नाम से जाना जाता है। छत्तीसगढ़ में अंबिकापुर शहर में स्थित गार्बेज कैफे लोगों को मुफ्त में खाना देता है। हालांकि, इसके लिए प्लास्टिक का कचरा देना होगा, जिसके बाद नाश्ता और खाना मिलता है।

**सफाई अभियान के तहत शुरू हुआ कैफे:-** प्लास्टिक कचरा देकर खाना खिलाने की वजह सफाई अभियान से जुड़ी हुई है। नगर निगम ने इस पहल को सफाई करने के लिहाज से शुरू किया है। शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए अंबिकापुर में ये कैफे है। छत्तीसगढ़ में सफाई के मामले में इंदौर और अंबिकापुर शहर का नाम सबसे पहले आता है।

**कितने किलो प्लास्टिक पर कितना भोजन ?:-** गार्बेज कैफे में आधा किलो प्लास्टिक देने पर नाश्ता करवाया जाता है। नाश्ते में आलू चाप, इडली, समोसा, ब्रेड चाप आदि मिलता है। जबकि, 1 किलोग्राम प्लास्टिक देने पर लंच करवाया जाता है। लंच में 4 रोटी, 2 सब्जी, दाल, हाफ प्लेट चावल, सलाद, दही, अचार, पापड़ आदि खाने के लिए दिया जाता है। इसके अलावा यहां कम कीमत में भी खाना खाया जा सकता है।

### 40 से 100 रुपये की कीमत के बीच मिलता है खाना

**❍ प्लेन थाली की कीमत 40 रुपये है। इसमें सादी सब्जी, चावल, दाल, अचार और सलाद मिलता है।**

**❍ एक प्लेन थाली की कीमत 50 रुपये है, जिसमें दो सादी सब्जी, 4 रोटी, दाल, चावल, सलाद, पापड़ और अचार होता है।**

**❍ एक थाली की कीमत 70 रुपये है, जिसमें पनीर की सब्जी होती है। इसके अलावा दो सब्जी और होती है। बाकी चावल, दाल, अचार और सलाद होता है।**

**❍ एक स्पेशल थाली है जिसकी कीमत 100 रुपये है। इसमें पनीर की सब्जी दो तरह की होती है। एक सादी सब्जी होती है। इसके अलावा घी लगी 4 रोटी, हाफ जीरा राइस, फ्राई दाल, मीठी दही, पापड़, अचार और सलाद मिलता है।**

# पाकिस्तान में महंगाई की मार

**पाकिस्तान के अखबार द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के मुताबिक, बाजार में इंसुलिन इंजेक्शन डिवाइस की कीमत 2200 पाकिस्तानी रुपये से बढ़कर 4720 रुपये हो गई है। इसका असर गरीब तबके पर पड़ रहा है, जो महंगी दवाओं को खरीदने में असमर्थ दिख रहा है।**

**जीवन रक्षक दवाओं की कीमतें बढ़ीं:-** रविवार की इस रिपोर्ट में कहा गया कि विटामिन बी सप्लीमेंट्स की कीमत 500 से बढ़कर 600 पाकिस्तानी रुपये हो गई है। इसी तरह एसिडिटी की दवा के एक पैकेट की कीमत 530 रुपये से बढ़कर 620 रुपये हो गई है। न्यूट्रिशनल सप्लीमेंट्स और विटामिन टैबलेट के एक पैक की कीमत 480 से बढ़कर 510 रुपये हो गई है। थायरॉइड दवा की कीमत 85 पीकेआर से बढ़कर 290 पीकेआर हो गई है। वहीं, टाइफाइड के आम इलाज की कीमत 805 रुपये से बढ़कर 930 हो गई है। कई दूसरी जीवनरक्षक दवाओं की कीमतें भी बढ़ गई हैं।

**एलपीजी की कीमतों में इजाफा:-** पश्चिम एशिया में चल रही जंग के चलते पाकिस्तान में एलपीजी की औसत कीमत 11.67 किलोग्राम वाले सिलेंडर की कीमत 3150-3,968 से बढ़कर 3900 से 5135 रुपये हो चुकी है। पाकिस्तान ब्यूरो ऑफ़ स्टैटिस्टिक्स (पीबीएस) की ओर से 26 मार्च को जारी 'सेंसिटिव प्राइस इंडेक्स' (एसपीआई) के आंकड़ों का हवाला देते हुए, पाकिस्तान के एक और जाने-माने अखबार 'डॉन' ने बताया कि कीमतों में सबसे ज्यादा बढ़ोतरी पंजाब प्रांत के शहरों में दर्ज की गई है।

# बाइक के साइलेंसर पर सेंक डालीं रोटियां!

**गजब**

सोशल मीडिया पर इन दिनों एक वीडियो धड़ल्ले से वायरल हो रहा है, जिसे देखकर इंटरनेट की जनता को अपनी आंखों पर यकीन करना मुश्किल हो रहा है। दरअसल, वायरल क्लिप में एक लड़की रसोई के चूल्हे को छोड़ बाइक के गरम साइलेंसर पर रोटियां (Girl Makes Roti On Bike Silencer) बनाती नज़र आ रही है। अब मोहतरमा के इस 'देसी जुगाड़' को देखने के बाद नेटिजन्स तरह-तरह की बातें कर रहे हैं। वायरल हो रहे इस वीडियो में एक लड़की बाइक के पास जमीन पर बैठकर रोटियां बेलती हुई दिख रही है। लेकिन जैसे ही रोटी तैयार होती है, वह उसे तवे



के बजाय बाइक के गरम साइलेंसर पर रख देती है। इसके बाद पलट-पलटकर उसे सेंकती है।

**क्यों वायरल हो रहा है ये 'देसी जुगाड़' ?:** यह वीडियो ऐसे समय में सामने आया है, जब देश के कई हिस्सों में LPG सिलेंडर की सप्लाई को लेकर दिक्कतें आ रही हैं। दरअसल, मिडिल ईस्ट में तनाव के चलते कच्चे तेल और गैस की आवक पर असर पड़ा है। वहीं, शादी-ब्याह के सीजन की वजह से भी गैस की खपत अचानक बढ़ गई है। ऐसे में कई खुरापाती लोग तरह-तरह के देसी जुगाड़ वाले वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया पर अपलोड कर रहे हैं। इंस्टाग्राम पर @vimlaaz063 नाम के अकाउंट से शेयर किए गए इस वीडियो को अब तक लगभग 2 करोड़ बार देखा जा चुका है। वहीं, ढेरों यूजर्स ने कमेंट किए हैं। कोई इसे इंडियन जुगाड़ की मिसाल बता रहा है, तो कोई गैस की भारी किल्लत से उपजी मजबूरी का नाम दे रहा है।

# जेड किड्स एकेडमी में हुआ नन्हे-मुन्ने बच्चों का शानदार ग्रेजुएशन डे समारोह

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के मौहल्ला बालकराम में डॉ. शरद माहेश्वरी के क्लीनिक के पास जेड किड्स एकेडमी स्कूल में प्ले ग्रुप, नर्सरी व एलकेजी के नन्हे-मुन्ने बच्चों का ग्रेजुएशन डे समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियां देकर सभी का मनमोह लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नजीबाबाद चेयरमैन इंजी. मुअज्जम मौजूद रहे। जबकि मेहमान-ए-खुसूसी के रूप में डॉ. शाकिर खान, डॉ. रहमान तसलीम, मास्टर मोहम्मद राहत व रंजीत यादव ने शिरकत की। इस मौके पर पत्रकार खिजर अहमद व फरमान शेख की भी विशेष उपस्थिति रही। समारोह में मुख्य अतिथि व मेहमान-ए-खुसूसी ने बच्चों को ग्रेजुएशन सर्टिफिकेट व मेडल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर एलकेजी व नर्सरी के टॉपर बच्चों की भी घोषणा की गई। एलकेजी से आकिब ने 93.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं नर्सरी से अनाइजा ने 98.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन किया। जबकि अर्शिया 91.4 प्रतिशत, महाद 97.1 प्रतिशत, हिफजान 89.2 प्रतिशत, इजान 89.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर बेहतरीन परिणाम हासिल कर स्कूल व अपने अभिभावकों का नाम रोशन किया। इसके साथ ही प्ले ग्रुप के बच्चों मोहम्मद आईश, मोहम्मद रैयान, जोरैन परवेज, मरियम, आयशा, अबीरा, हादी हुसैन, जरीन हुसैन, जोहान, मिशा फातिमा, हानिया परवेज व अब्राहम अख्तर को भी ग्रेजुएशन सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। स्कूल की प्रिंसिपल रहनुमा परवीन ने सभी मेहमानों का स्वागत करते हुए कहा कि बच्चों की शुरुआती शिक्षा ही उनके भविष्य की मजबूत नींव होती है। वहीं टीचर शहरीन, हिफ्जा रहमान सहित अन्य शिक्षकों ने बच्चों को इस मुकाम तक पहुंचाने में अपनी अहम भूमिका निभाई। स्कूल के फाउंडर जीशान नजीबाबादी ने कहा कि उनका उद्देश्य बच्चों को सस्ती व क्वालिटीफुल एजुकेशन उपलब्ध कराना है, ताकि हर वर्ग का बच्चा अच्छी शिक्षा प्राप्त कर सके।



# ज़ैद बिन ऐजाज़ ज़ैदी को मिली भगवंत यूनिवर्सिटी की प्रथम पीएचडी उपाधि



जैद बिन ऐजाज जैदी को पीएचडी उपाधि प्रदान करते हुए।

नजीबाबाद (चिंगारी)। भगवंत ग्लोबल यूनिवर्सिटी के सातवें दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय ने अपनी शैक्षणिक उपलब्धियों में एक नया अध्याय जोड़ते हुए शोधार्थी जैद बिन ऐजाज जैदी को डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की प्रथम उपाधि प्रदान की। शोधार्थी जैदी ने प्रबंधन विषय में अपना शोध कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया। उनका यह शोध महामारी के दौरान अस्पताल प्रबंधन में आई चुनौतियों, संसाधनों के प्रबंधन तथा स्वास्थ्य सेवाओं की प्रभावशीलता पर केंद्रित है, जो भविष्य में नीतिगत निर्णयों के लिए भी उपयोगी सिद्ध हो सकता है। दीक्षांत समारोह में डिग्री प्राप्त करते समय शोधार्थी व उनके परिजनों में खुशी का माहौल रहा। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के चेयरमैन डॉ. अनिल सिंह, वाइस चांसलर डॉ. पीएस राणा तथा शिक्षाविद् डॉ. कावेंद्र यादव सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। सभी ने शोधार्थी को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विश्वविद्यालय प्रशासन ने बताया कि प्रथम पीएचडी उपाधि का प्रदान किया जाना संस्थान की बढ़ती शैक्षणिक गुणवत्ता व शोध परक वातावरण को दर्शाता है। साथ ही यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों को भी उच्च स्तरीय अनुसंधान के लिए प्रेरित करेगी। समारोह के दौरान विभिन्न संकायों के छात्रों को भी स्नातक, स्नातकोत्तर एवं अन्य उपाधियां प्रदान की गईं, जिससे उनका शैक्षणिक सफर पूर्ण हुआ वे अपने भविष्य की नई दिशा की ओर अग्रसर हुए।

# महावीर जयंती पर निकली भव्य रथयात्रा

**बिजनौर (चिंगारी)।** जैन धर्म के अंतिम तीर्थंकर महावीर भगवान की जयंती आज जैन समाज द्वारा धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर शंभा बाजार स्थित जैन मंदिर से भव्य रथयात्रा निकाली गई। रथयात्रा में सबसे आगे जैन धर्म का ध्वज एवं महावीर जयंती का बैनर लिये युवक चल रहे थे। उनके पीछे, जैन धर्म की झंडियां लगा धर्म ध्वज लिये व्यक्ति तथा उसके बाद चार सुसज्जित घोड़ों पर चार युवक धर्मध्वजा लिये हुये थे। रथयात्रा में झंडियों लगा गड्डूलना, 'अहिंसा परमो धर्म' का बैनर तथा उसके पीछे पालकी में 'माता जिनवाणी' शोभायमान थीं। रथयात्रा में शामिल दो बैण्ड जैन धर्म के भजनों से वातावरण को गुंजायमान कर रहे थे। मुख्य रथ से पूर्व दो रथों पर आरके जैन व प्रदीप कुमार जैन की ओर से सौधर्म इन्द्र आदि बैठे हुये थे। मुख्य रथ में भगवान महावीर की प्रतिमा शोभायमान थी। रथ के लिए ख्वासी हेतु संजय जैन, साथी के लिए शोभित जैन, कुबेर के लिए प्रतीक जैन तथा इन्द्रो के लिए सचिन जैन व अनंत जैन ने बोलियां लीं। रथयात्रा से भगवान महावीर की प्रथम आरती का श्रेय अजय जैन (परिधान) को प्राप्त हुआ। मुख्य रथ के आगे भजन मंडली भजन सुना रही थी, जिस जैन महिला व पुरूष नृत्य कर रहे थे। रथयात्रा अपने निर्धारित मार्ग से होते हुए महावीर बाल विद्या मंदिर पहुंची, जहां श्री जी का प्रक्षाल व पूजन होने के उपरांत वापस मंदिर पर जाकर समाप्त हुई।



# पब्लिक मांटेसरी स्कूल के मेधावी बच्चों को सम्मानित किया



मेधावी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित करते अतिथि।

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** नगर के अजमल खां मार्ग स्थित पब्लिक मांटेसरी स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी राजमोहन व आकाशवाणी के अधिकारी शोभित शर्मा ने अभिभावकों को बच्चों के नैतिक व सर्वांगीण विकास के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी। कक्षा नर्सरी से यूकेजी तक अनाजिया खान, फातिमा जेहरा, आर्यन, हादिया अनवर, इनायत वारसी तथा कक्षा एक से कक्षा पांच तक तसमिया, आतिफ अली, सफिया, सदफ परवीन, सारा आशा, कुलसूम, आयशा, मरियम, हरम अंसारी ने अपनी-अपनी कक्षाओं में स्थान प्राप्त किया। आकाशवाणी नजीबाबाद के सहायक कार्यक्रम अधिकारी शोभित शर्मा ने कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।



# संघ की 100 वर्ष की यात्रा पर प्रकाश डाला

**चांदपुर ( चिंगारी )। संघ शताब्दी वर्ष के कार्यक्रम की श्रंखला के अन्तर्गत चतुर्थ प्रमुख जन गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत सहसेवा प्रमुख अशोक जी रहे।**

विद्या मंदिर इंटर कालेज में आयोजित प्रमुख जन गोष्ठी में चांदपुर नगर, हीमपुर दीपा, हल्दौर, वास्डा आदि जगहों से प्रमुख व्यक्ति गोष्ठी में उपस्थित रहे। गोष्ठी का प्रारम्भ मुख्य वक्ताओं द्वारा भारत माता, परम पूज्य डा. हेडगेवार तथा श्री गुरुजी के चित्र पर पुष्प अर्पण कर किया गया। मुख्य वक्ता अशोक जी ने हिंदुत्व की विचारधारा पर विचार रखते हुये संघ की 100 वर्ष की यात्रा पर प्रकाश डालते हुये बताया कि किस प्रकार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की गई और संघ व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण की कार्यपद्धति को अपनाकर संघ आज विश्व का सबसे बड़ा स्वयंसेवी संगठन बन गया है। जिला संघचालक देवेंद्र जी ने पंच परिवर्तन पर प्रकाश डालते हुये कहा कि आने वाली पीढ़ियों की भलाई के लिये हमें पूरे समाज को साथ लेते हुये सामाजिक समरसता, कुटुम्ब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी और नागरिक कर्तव्य को अपनाना ही होगा। उन्होंने कहा कि समाज से जात-पात की भावना को दूर करने के लिए सामाजिक समरसता पर कार्य करना होगा। कार्यक्रम स्थल पर संघ की एक प्रदर्शनी भी लगाई गई थी तथा साहित्य बिक्री का स्टाल भी लगा हुआ था, जिससे गोष्ठी में आये प्रमुख जनों ने पुस्तकें भी खरीदीं। कार्यक्रम में संघ के जिला प्रचारक दीप्तिमान जी व अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सहजिला कार्यवाह सनत जी ने किया।




# तीसरे दिन समझौता होने पर दुल्हन को लेकर रवाना हुआ दूल्हा

**नहटौर ( चिंगारी )। शादी में दूल्हे के प्रेम प्रसंग का मामला सामने आने पर दुल्हन पक्ष ने विदाई रोक दी थी। बाद में दोनों पक्षों में समझौता हो गया। तीसरे दिन दूल्हा, दुल्हन को लेकर अपने घर के लिए रवाना हो गया। बता दें कि मुरादाबाद के कांठ स्थित एक गांव से नहटौर के नूरपुर रोड स्थित एक गांव में शुक्रवार को बारात आई थी। एक युवती ने आरोप लगाया कि उसका दूल्हे के साथ प्रेम प्रसंग है। जिस पर गुस्साये दुल्हन पक्ष के लोगों ने दूल्हे को बंधक बना लिया था। मामले की सूचना पुलिस को भी दी थी। मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों से वार्ता की लेकिन किसी भी पक्ष द्वारा तहरीर नहीं दी गई थी। मामले को लेकर शनिवार को भी दोनों पक्षों में समझौता वार्ता का दौर चला। वहीं, दुल्हन पक्ष ने दूल्हे पक्ष पर अतिरिक्त दहेज मांगने का भी आरोप लगाया। शनिवार की देर शाम को दोनों पक्षों में सहमति बन जाने के उपरांत दूल्हा, दुल्हन को लेकर रवाना हो गया। दोनों पक्षों में आपस में क्या समझौता हुआ है, उसकी अभी पुलिस को जानकारी नहीं है।**

# फास्ट फूड की दुकान में आग लगी

**चांदपुर ( चिंगारी )। फास्ट फूड की दुकान में शाट सर्किट से आग लग जाने से लगभग दो लाख रुपए का नुकसान हो गया। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। नगर के मुहल्ला काजीजादगान में सिलारा पुल पर नगर के मुहल्ला चिम्मन निवासी राजीव कुमार की श्री गणेश फास्ट फूड नाम से दुकान है। रात्रि में किसी समय दुकान में आग लग गई। आग लगने से दुकान में रखी कोल्ड ड्रिंक,दो फ्रीज,फ्रीजर, फर्नीचर व अन्य सामान जलकर राख हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। लगभग दो लाख रुपए का नुकसान होने का अनुमान है। आग लगने का कारण शार्ट सर्किट माना जा रहा है।**

# आरकेजी स्कूल में ग्रेजुएशन-डे पर हुआ गरिमापूर्ण कार्यक्रम



मेधावी छात्र को सम्मानित करते मुख्य अतिथि शेरबाज पठान।

**चांदपुर ( चिंगारी )। आर.के.जी. इंटरनेशनल स्कूल में ग्रेजुएशन डे समारोह बड़े ही गरिमामय और सादगीपूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व पालिकाध्यक्ष शेरबाज पठान थे। इस अवसर पर मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।**

कक्षा एक में नजफ मलिक, पूर्व तोमर, कविश तोमर, राम भारती प्रथम, मौर्य तोमर द्वितीय व अनाया तोमर, सदफ तृतीय, कक्षा 2 में शिवांश, सूर्यांश तोमर, मो. अरहान सैफी प्रथम, मोहम्मद अयाज, हितेशी, आरवी चौधरी द्वितीय व मिष्ठी, दिव्यम यादव, यति देशवाल तृतीय, कक्षा 3 में निक्षित तोमर, वान्या नूर प्रथम, सूर्यांश द्वितीय व रितिका गौर तृतीय, कक्षा 4 में स्मृति प्रथम, कुनाल तोमर, परी तोमर द्वितीय व उजफ मलिक, गौरांशी तोमर तृतीय, कक्षा पांच में कामाक्षी चौधरी, छवि पाल प्रथम, मनस्वी तोमर द्वितीय व लवीजा नूर तृतीय, कक्षा 6 में आराध्या प्रथम, सांची राणा द्वितीय, कक्षा सात में तनुज तोमर, सांची कौशिक प्रथम, लक्ष्य तोमर द्वितीय व अनमोल तोमर, रानू तोमर तृतीय, कक्षा आठ में श्रद्धा चौधरी प्रथम, हादिया नूर द्वितीय व प्रताप चौधरी तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम में स्कूल के चेयरमैन राकेश कुमार गुप्ता, मुख्य अतिथि पूर्व पालिकाध्यक्ष शेरबाज पठान, निदेशक मानसी गुप्ता, प्रबंधक विश्वास गुप्ता, बनपुरा चौकी इंचार्ज बब्लू सिंह, ग्राम प्रधान राजीव तोमर, प्रधानाचार्य एसके शर्मा ने मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# इंजीनियर हेमंत कुमार का नाम इंडिया बुक ऑफ रिकाॅर्ड्स में दर्ज हुआ चौथी बार



**नूरपुर ( चिंगारी )।** नूरपुर क्षेत्र के गांव फीना निवासी इंजीनियर हेमंत कुमार का नाम चौथी बार इंडिया बुक ऑफ रिकाॅर्ड्स में दर्ज हुआ है। यह उपलब्धि उन्हें ई-पुस्तक चित्रों के झरोखे से श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण को ध्वजारोहण के दिन प्रकाशित करने के लिए मिली। इस पुस्तक का प्रकाशन 25 नवंबर 2025 को श्रीराम मंदिर पूर्ण होने के उपलक्ष्य में हुए ध्वजारोहण के दिन हुआ था। पुस्तक में मंदिर का निर्माण शुरू होने से लेकर इसके पूर्ण होने तक के चित्र और उनकी संक्षिप्त व्याख्या क्रमवार प्रदर्शित की गई है, मंदिर निर्माण की भारतीय शैली पर भी इस पुस्तक में तकनीकी परिचयात्मक विवरण प्रस्तुत किया गया है। इंडिया बुक ऑफ रिकाॅर्ड्स ने इस पुस्तक को विशिष्ट उपलब्धि मानते हुए अपने अभिलेखों में अंकित कर इंजीनियर हेमंत कुमार को प्रमाण-पत्र और मेडल भेजा है।

# मंदिर से निकली भव्य शोभायात्रा



**नहटौर ( चिंगारी )। श्री चामुंडा धाम मंदिर नहटौर परिसर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसका शुभारंभ डॉ. शशांक गौतम ने फीता काटकर किया। शोभायात्रा का कई स्थानों पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। शनिवार को श्री चामुंडा देवी मंदिर परिसर से शोभायात्रा प्रारंभ हुई। शोभायात्रा में माँ काली का अखाड़ा, अघोरी झांकी, शेरावाली की झांकी, राधा कृष्ण, राम दरबार, अमर ज्योति जवान, भारत माता आदि की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। शोभायात्रा मोहल्ला जोशियान, एजेंसी चौराहा, सब्जी मंडी, धर्मशाला होते हुए श्री चामुंडा धाम परिसर में पहुंचकर संपन्न हुई। इस अवसर पर अध्यक्ष लखपत सिंह, तेजपाल सिंह, सुंदर सैनी, महावीर सैनी, अरविंद जोशी, चेतराम सैनी, सुभाष सैनी पूर्व सभासद, अनिल कुमार आदि उपस्थित रहे।**

# डा. महेन्द्र त्यागी चुने गये प्रांतीय अध्यक्ष

**बिजनौर ( चिंगारी )। उत्तर प्रदेश इंग्लिश स्कॉलर्स एसोसिएशन की एक विशेष बैठक रविवार को आरजेपी इंटर कॉलेज बिजनौर में आयोजित की गई। बैठक में संगठन की कोर कमेटी एवं संस्थापक मंडल के सदस्यों द्वारा एसोसिएशन के संस्थापक डॉ. महेंद्र सिंह त्यागी को सर्वसम्मति से प्रांतीय अध्यक्ष चुना गया तथा गुरचरण सिंह को प्रांतीय मंत्री के पद से नवाजा गया।**

सभा में अजयवीर सिंह, प्रवक्ता केएम इंटर कॉलेज धामपुर को जनपद बिजनौर इकाई का जिला अध्यक्ष तथा अरुण दीक्षित प्रवक्ता राजा चरत सिंह इंटर कॉलेज साहनपुर को जिला मंत्री जनपद बिजनौर मनोनीत किया गया। एक प्रेस वार्ता में डॉक्टर त्यागी ने बताया कि संगठन का उद्देश्य अंग्रेजी भाषा को बढ़ावा देना, रिसर्च वर्क एवं जर्नल्स प्रकाशित करना तथा छात्रों को कैरियर संबंधी जानकारी देने के साथ-साथ कैरियर संबंधी प्रतियोगी परीक्षाएं आयोजित करना तथा शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण हेतु कार्य करना मुख्य उद्देश्य है। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा इंटरमीडिएट एवं हाईस्कूल कक्षाओं में संचालित अंग्रेजी उत्तर प्रदेश इंग्लिश स्कॉलर्स एसोसिएशन माध्यमिक शिक्षकों के साथ-साथ डिग्री कॉलेज प्राथमिक विद्यालयों एवं अंग्रेजी के विद्वानों का उत्तर प्रदेश स्तर का एक महत्वपूर्ण संगठन है जिसकी स्थापना सन् 2004 में अंग्रेजी के विद्वानों द्वारा बिजनौर में की गई थी। बैठक में गयूर आसिफ, डॉ. कोपल रस्तोगी, योगेंद्र कुमार त्यागी, नरेंद्रपाल सिंह, रणवीर सिंह, रघुवीर सिंह, रमेश कुमार, ज़रीना खान, रज़िया सुल्ताना, राखी, नावेद, पंकज कुमार, रजनी, अनुमति चौहान, सुधा रानी, राजीव कुमार, नीरज कुमार, मनोज कुमार, शशि कुमार, दुशयन्त त्यागी, मनोज कुमार, फहीम अहमद आदि अंग्रेजी विद्वान उपस्थित रहे।



# यही रात अंतिम, यही रात भारी..मतदान कल

## इस बार गवर्निंग कार्उसिल सहित सभी पदों पर होगा मतदान

**बिजनौर ( चिंगारी )। जिला बार एसोसिएशन के चुनाव में प्रत्याशियों ने अधिवक्ताओं को लुभाने के लिए एड़ी चोटी का ज़ोर लगा रखा है। दिन-रात भाग दौड़ कर रहे प्रत्याशी हर अधिवक्ता के घर जाकर दस्तक दे रहे हैं, जिससे चुनाव बेहद दिलचस्प बना हुआ है। आज 'क़त्ल की रात' कुछ तस्वीर साफ होगी कि कौन प्रत्याशी बाजी मारेगा।**




इस बार अध्यक्ष पद सहित सभी पदों पर मतदान होगा। पहले सीनियर गवर्निंग कार्उसिल मेंबर तथा कनिष्ठ गवर्निंग कार्उसिल मेंबर को सर्वसम्मति से चुन लिया जाता था, लेकिन इस बार इन पदों पर भी मतदान हो रहा है, जिस कारण अधिवक्ताओं को मत डालने में काफी समय लगेगा। अध्यक्ष पद का चुनाव प्रतिष्ठा का बना हुआ है, जिसमें पूर्व जिला बार अध्यक्ष चौधरी राजेंद्र कुमार दिन-रात अधिवक्ताओं से संपर्क कर चुनावी माहौल अपने पक्ष में करने का पूरा प्रयास कर रहे हैं। शेर सिंह तथा अभय सिंह उर्फ़ हैप्पी चुनाव प्रचार में दिन-रात एक कर अधिवक्ताओं से मत व समर्थन मांग रहे हैं, जिससे अध्यक्ष पद पर मुकाबला दिलचस्प हो गया है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर चार प्रत्याशी मैदान में हैं, लेकिन यहां मुकाबला तिकोना होता नज़र आ रहा है। सबसे दिलचस्प मुकाबला महासचिव पद पर नज़र आ रहा है, जहां चार प्रमुख प्रत्याशी मैदान में जमे हैं, लेकिन कल तक यहां भी मुकाबला तिकोना ही होने के आसार हैं। महिला के लिए आरक्षित कोषाध्यक्ष पद पर तीनों प्रत्याशी जमकर प्रचार कर रही हैं, जिससे यहां भी तिकोना ही मुकाबला नज़र आ रहा है। इनके अलावा अन्य पदों पर भी सभी प्रत्याशी ज़ोर शोर से अधिवक्ताओं से सम्पर्क कर रहे हैं, जिससे चुनाव काफी दिलचस्प हो गया है। सभी पदों पर जबरदस्त मुकाबला होने के कारण प्रत्याशियों के साथ उनके समर्थकों की नींद भी उड़ी हुई है। प्रतिष्ठा का प्रश्न बन चुके चुनाव में कोई भी प्रत्याशी अधिवक्ताओं को लुभाने में कोई कमी छोड़ना नहीं चाहता, लेकिन अभी तक चुनावी तस्वीर साफ न होने कारण आज चुनाव प्रचार की अंतिम 'क़त्ल की रात' सभी प्रत्याशियों के लिए भारी है, जिसमें अधिवक्ता तय करेंगे कि किस-किस प्रत्याशी के सिर जीत का सेहरा बंधेगा।

# सबरंग की मासिक काव्य गोष्ठी आयोजित

## नरेन्द्र शिखर को किया सम्मानित

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिले की अग्रणी साहित्य संस्था सबरंग की मासिक काव्य गोष्ठी में नरेन्द्र शिखर को सम्मानित किया गया। स्थानीय जैन धर्मशाला में सतेन्द्र शर्मा अंगिरस की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार मरगूब रहमानी विशेष अतिथि रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ संजीव एकल ने सरस्वती वंदना से किया।




उसके बाद दीप अंजुम के संचालन में काव्य की रसधार बह निकली। मनोरंजन शर्मा ने जहां व्यंग रचना पढ़ी तो संजीव एकल ने कहा कि 'वक्त की आंख में ठहरे हुए सपने की तरह, प्यार कमरे में सजा है किसी गमले की तरह।' आरिफ गांधी ने चला कहां से कहां आ गया कहां जाना, न सोचने दे ये तेरे ख्याल के मौसम गजल सुनाई।- वहीं मेराज बिजनौरी ने कहा- हमेशा अच्छा नहीं बतायेगा तुमको मेराज, ये आईना है तुम्हारी मां की नजर नहीं है। युवा कवि नरेन्द्र शिखर ने 'कुछ इशारा जरूर देता है, वक्त से पहले पेड़ का झर जाना' सुनाकर दाद बटोरी तो विकास अग्रवाल ने पत्थर ने भी जाने कितने प्रहार सहे होंगे गीत सुनाया। डा. अनिल चौधरी ने - पास नहीं आता है इन आंखों में अपनापन, कबसे ढूंढ रहा हूं मैं अपनों में अपनापन, सुनाकर वाहवाही लूटी तो दीप अंजुम ने 'उसने ही मुझमें बोये थे अंगारों के बीज कभी, उसकी मेहनत रंग लाई है नन्हे पौधे फूट पड़े, सुनाकर दिल जीत लिया। वहीं मरगूब रहमानी ने कहा - औलाद की नजरों में हम अब पेड़ हैं ऐसे, जो फल भी नहीं देते साया भी नहीं देते।' इसके अतिक्ति कृष्ण कुमार पाठक ने दोहे पढे तो जावेद आलम जावेद ने गजल सुनाई और अध्यक्ष सतेन्द्र शर्मा अंगिरस ने भी सुन्दर रचना पढ़ी। कार्यक्रम में युवा कवि नरेन्द्र शिखर की गजलें 'रेख्ता' के प्लेटफार्म पर प्रकाशित होने के लिए सभी ने उनको बधाई दी, बता दें कि रेख्ता उर्दू हिन्दी शायरी का एक अन्तर्राष्ट्रीय आनलाइन ऐप है। नरेन्द्र को शॉल, पटका, माला, श्रीफल व प्रतीक चिन्ह आदि देकर सम्मानित किया गया। अंत में सबरंग के संयोजक हुक्का बिजनौरी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# हमेशा अधिवक्ताओं के हित में काम करूंगा - राजेन्द्र

**धामपुर ( चिंगारी )।** क्षेत्रीय बार एसोशिएशन धामपुर द्वारा जिला बार एसोशिएशन बिजनौर के कल 31 मार्च को होने वाले चुनाव के दृष्टिगत रखते हुए रविवार देर शाम शुभम मंडप में आयोजित कार्यक्रम में जिला बार एसोशिएशन के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी एवं पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र चौधरी एडवोकेट का अधिवक्ताओं ने स्वागत व समर्थन किया। वर्तमान अध्यक्ष यशपाल सिंह, पूर्व अध्यक्ष अजीत पवार, राजेंद्र सिंह सेढा, राजीव चौहान, संरक्षक शाहिद सूरी,रमेश सैनी, अध्यक्ष आर .के.आर्य एडवोकेट मंचासीन रहे ।समारोह में क्षेत्रीय बार एसोशिएशन धामपुर के अध्यक्ष आरके आर्य एडवोकेट ने कहा कि राजेंद्र चौधरी हमेशा अधिवक्ता हितों की बात करते आए हैं। हम सबको एक तरफ इनके पक्ष में वोट कर क्षेत्रीय बार एसोसिएशन धामपुर की एकता दिखानी होगी। यदि ऐसा हुआ तो राजेंद्र चौधरी निश्चित ही जीतकर आयेगे। हमारे लिए न कोई जाति है ओर न ही कोई धर्म, अधिवक्ता हित ही हमारा सबसे बड़ा धर्म है। प्रत्याशी राजेंद्र चौधरी ने कहा कि मैं अधिवक्ता हित में ही हमेशा कार्य करता हूँ ओर हमेशा करता रहूंगा। क्षेत्रीय बार एसोसिएशन धामपुर के किसी भी अधिवक्ता साथी को कभी भी मेरी जरूरत पड़ती है तो उसके सुख दुःख में मै हमेशा खड़ा नजर आऊंगा। क्षेत्रीय बार एसोसिएशन धामपुर के अध्यक्ष आर के आर्य एडवोकेट के नेतृत्व में बार के पदाधिकारी उपाध्यक्ष विवेक राज सोनी, कोषाध्यक्ष सुनील कुमार शर्मा, महासचिव अली खान, संयुक्त सचिव शुभम चौहान, शाहबाज, मीडिया प्रभारी आयुष कौशिक, प्रवक्ता दिनेश कुमार कनिष्क उपाध्यक्ष सलीम जावेद ने प्रत्याशी राजेंद्र चौधरी का फूल माला पहनाकर और शाल ओढ़ाकर जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संरक्षक शाहिद सूरी एडवोकेट ने की और संचालन क्षेत्रीय बार एसोशिएशन के कोषाध्यक्ष सुनील शर्मा ने किया।




# पशुशाला में भीषण आग लगी, एक गाय की मौत, दूसरी झुलसी

**मंडावर ( चिंगारी )।** मंडावर क्षेत्र में अज्ञात कारणों से एक घर के बाहर बनी पशुशाला में आग लग गई। इस हादसे में एक गाय की मौत हो गई, जबकि दूसरी गाय गंभीर रूप से झुलस गई। आग की लपटों से पशुशाला में रखा सामान भी जलकर राख हो गया। रविवार शाम ओम प्रकाश निवासी ग्राम राजारामपुर के घर के बाहर बनी पशुशाला में आग लग गई। ग्रामवासियों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर नहीं पहुंच सकी, जिससे ग्रामीणों को ही आग पर काबू पाने के लिए संघर्ष करना पड़ा। काफी मशक्कत के बाद ग्राम वासियों ने आग पर काबू पा लिया। आग में पशुशाला का काफी नुकसान हुआ है। अनुमान के अनुसार नुकसान लगभग 50 हजार रुपये बताया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि आग अचानक लगी और इसके कारणों का अभी पता नहीं चल सका है।

# घरों को आकर्षक बनाने के लिये पंजाब का सामान बिजनौर में भी उपलब्ध

**बिजनौर ( चिंगारी )।** शहर में अब घरों को मॉडर्न और आकर्षक बनाने के लिए इंटीरियर का सामान बिजनौर में ही सस्ते दामों में उपलब्ध हो सकेगा। सेंट मेरी चौराहे के पास, देव हॉस्पिटल के ठीक सामने स्थित रवि इंटीरियर ग्राहकों को इंटीरियर से जुड़ी सभी आवश्यक सामग्री किफायती दरों पर उपलब्ध करा रहा है। यहां फ्लूटेड पैनल, WPC पैनल, PVC पैनल, वॉलपेपर, सेल्फ एडेसिव स्टिकर्स और V शीट्स जैसे आधुनिक इंटीरियर प्रोडक्ट्स एक ही जगह पर मिल रहे हैं। खास बात यह है कि यहां पंजाब की कंपनी के प्रोडक्ट्स भी पंजाब के दामों पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। ओपनिंग ऑफर के तहत एक महीने के लिए PVC पैनल मात्र 145 रुपये प्रति पीस में उपलब्ध रहेगा, जिससे ग्राहकों को शानदार बचत का मौका मिल रहा है। दुकान संचालक ग्राम रावली निवासी गुरजाब सिंह के अनुसार, उनका उद्देश्य ग्राहकों को बेहतर क्वालिटी के साथ कम कीमत में इंटीरियर का पूरा समाधान देना है, ताकि लोग अपने घरों को स्टाइलिश और आकर्षक बना सकें। स्थानीय लोगों के लिए यह एक अच्छी सुविधा साबित हो रही है, जहां उन्हें अब बड़े शहरों की तरह आधुनिक इंटीरियर सामग्री अपने ही शहर में आसानी से मिल रही है।

# विवेक यूथ टैलेंट हंट का रिजल्ट हुआ घोषित

**बिजनौर ( चिंगारी )।** विवेक विश्वविद्यालय बिजनौर द्वारा 14 दिसम्बर 2025 को आयोजित यूथ टैलेंट हंट परीक्षा में जनपद के अधिकतर छात्र/छात्राओं ने बहुत सराहनीय प्रदर्शन किया। इस परीक्षा में इस वर्ष बारहवी कक्षा में शामिल होने वाले 10180 विद्यार्थियों ने भाग लिया था। प्रथम पुरस्कार एक लाख रुपये का था जिसमें पांच विद्यार्थीयों द्वारा समान अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इन प्रतिभाशाली छात्रों के नाम निम्न है:- अनुज पुत्र श्री मनोज कुमार सैंट मैरिज स्कूल बिजनौर, एकलव्य निर्वाल पुत्र श्री संदीप निर्वाल ए एन इंटरनेशनल स्कूल बिजनौर, पूर्वाश श्रेवाल पुत्र श्री संजय कुमार ए एन इंटरनेशनल स्कूल बिजनौर यश कुमार पुत्र श्री तेजपाल सिंह सरस्वती शिशु मंदिर चॉदपुर, माही पुत्री श्री ब्रजवीर सिंह वैदिक कन्या इंटर कॉलेज चॉदपुर। द्वितीय पुरस्कार 51 हजार रुपये का था और इस श्रेणी में भी चार विद्यार्थियों ने समान अंक प्राप्त किये हैं। इन प्रतिभाशाली छात्रों के नाम निम्न है:- नंदनी पुत्री श्री मनोज कुमार आचार्य आर एन केला स्कूल बिजनौर, राजन राणावत पुत्र श्री राहुल राणा सरस्वती विद्या मंदिर नूरपुर, जीवंत सिसोदिया पुत्र श्री अवनीश कुमार राजा हरवंश सिंह इंटर कॉलेज हल्दौर, कनिष्क राजपूत पुत्र श्री संजय राजपूत सैंट मैरिज स्कूल बिजनौर। तृतीय पुरस्कार 21 हजार रुपये का था। इस श्रेणी में छह परीक्षार्थियों के समान अंक आये। इन प्रतिभाशाली छात्रों के नाम निम्न है:- दक्ष जोशी पुत्र श्री अदलेश जोशी आर आर सरस्वती विद्या मंदिर धामपुर, प्रिंस राजपूत पुत्र श्री श्रवण कुमार आर आर सरस्वती विद्या मंदिर धामपुर, जैनक अब्दीन पुत्र श्री मौहम्द जफर आर आर सरस्वती विद्या मंदिर धामपुर, मनु कुमार पुत्र श्री लक्ष्मण सिंह आर आर सरस्वती विद्या मंदिर धामपुर, कुलवीर पाल पुत्र श्री गौतम कुमार आर आर सरस्वती विद्या मंदिर धामपुर, अक्षित चैहान पुत्र श्री ओम कुमार आर आर सरस्वती विद्या मंदिर धामपुर इसके अलावा 21 छात्रों को विशेष सांत्वना तथा 1074 विद्यार्थीयों को सांत्वना पुरस्कार द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा। पुरस्कार की राशि समान अंक पाने वालो में बराबर बराबर बाटी जायेगी। टैलेंट हंट परीक्षा का रिजल्ट कॉलेज की वेबसाईट अथवा विश्वविद्यालय के फेसबुक पेज पर देखा जा सकता है।

VIVEK UNIVERSITY INDIA



## राशिफल

### विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**मंगलवार, 31 मार्च 2026**

मेष- कठिनाइयों की निवृत्ति, दूसरों की सलाह से कामयाबी हासिल, मेल-मिलाप में रुचि, प्रेम सम्बन्धों में अत्यधिक प्रगाढ़ता, अपने स्तर को बनाये रखने के लिए व्यय।

वृषभ- आज रात्रि 9/33 बजे तक कार्यों में अड़चनें, मित्रों से तनाव, गुप्त चिन्ताएं प्रभावी, वाहन से भय, शेष समय बेहतर, व्यापार में धन निवेश, इच्छाशक्ति का विकास।

मिथुन- आज रात्रि 9/33 बजे तक दिनमान अनुकूल, व्यक्तिगत समस्याएं सुलझने की ओर, शेष समय में उलझनें, सुख-सुविधा में कमी, पारिवारिक मतभेद, जोखिम से नुकसान।

कर्क- निराशा का समापन, राजनैतिक कृत्यों की ओर रुझान, आपसी सौहार्द, धर्म के प्रति रुचि, कर्ज की निवृत्ति, घरेलू कठिनाइयों का निवारण, योजना साकार होने की ओर।

सिंह- अभीष्ट कार्यों में संतोषजनक सफलता, दाम्पत्य जीवन में मधुरता, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, आत्मीयजनों से सम्पर्क, मनो-विनोद के अवसर प्राप्त, वाहन से खुशी।

कन्या- आज रात्रि 9/33 बजे तक समय व्यवधानकारक, आकस्मिक व्यय, एकाग्रता भंग, विवाद की आशंका, शेष समय शुभ, आपसी सद्भाव, परोपकार की प्रवृत्ति।

तुला- आज रात्रि 9/33 बजे तक लाभ का सुयोग, इच्छाशक्ति जागृत, आनन्द की अनुभूति, शेष समय असंतोषजनक, अध्ययन में व्यतिक्रम, वैचारिक अस्थिरता।

वृश्चिक-परिश्रम के अनुरूप सफलता, पराक्रम में वृद्धि, मान-सम्मानपरक कृत्य सम्पन्न, प्रियजनों-मित्रों से अपेक्षित सहयोग, शत्रु परास्त, नवसम्पर्क उपयोगी।

धनु- मनोभिलाषित कार्यों में सफलता, परोपकार की भावना जागृत, जीवन में मधुरता, नवसमाचार की प्राप्ति, अध्यावसाय की ओर रुझान, महत्वपूर्ण उपलब्धि, यात्रा।

मकर- आज रात्रि 9/33 बजे तक असंतोषजनक, आरोग्य सुख में कमी, मानसिक अशांति, शेष समय में इच्छा की पूर्ति, मनो-विनोद के सुअवसर, मान-सम्मान में वृद्धि।

कुम्भ- आज रात्रि 9/33 बजे तक योजना साकार होने की ओर, विशिष्टजनों से सम्पर्क, हर्ष, शेष समय अशुभ, धनागम में बाधा, व्यापारिक हानि, आरोप-प्रत्यारोप।

मीन- दिनमान अनुकूल, पारिवारिक खुशी, मंगल कृत्य सम्पादित, विशिष्टजनों से सहयोग, शिक्षा के क्षेत्र में सफलता, भोग-विलासिता की ओर रुझान, मानसिक अशांति।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722

# युद्ध में अब तक हज़ारों लोग हताहत

## लाखों लोग हुये विस्थापित

**तेहरान (एजेंसी/चिंगारी)।** अमेरिका-इज़रायल और ईरान के बीच जारी युद्ध के कारण बीते एक माह में जान-माल का बेहिसाब नुकसान हुआ है, लेकिन इस संघर्ष का अंत कहीं नज़र नहीं आ रहा है। दोनों देश अपने-अपने संघर्षविराम मसौदे पेश कर चुके हैं, लेकिन अब तक आम सहमति नहीं बन सकी है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, बीते एक माह में ईरान में मृतकों की संख्या 1,900 से अधिक हो गयी है। लेबनान में इजरायल की सैन्य कार्रवाई के कारण 1,100 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है, जिनमें 121 बच्चे शामिल हैं। इज़रायल पर हुए हमलों में करीब 20 लोगों की जान गयी, जबकि खाड़ी क्षेत्र में लगभग 25 लोगों के मारे जाने की खबर है। अरब देशों में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर ईरान के हमलों में कई सैनिक हताहत हुए हैं, जिनमें कम से कम छह सैनिकों की मौत की पुष्टि हुई है। लेबनान में 12 लाख से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं। ईरान में करीब 10,000 नागरिक ठिकानों को नुकसान पहुंचा है। यह युद्ध 28 फरवरी को शुरू हुआ, जब अमेरिका और इज़रायल ने तेहरान सहित ईरान के कई शहरों पर बड़े पैमाने पर हमले किए, जिसमें ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्ला अली खामेनेई सहित कई वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों की मौत हुई।

इसी दिन ईरान के होर्मोज़गान प्रांत के मिनाब शहर का एक बालिका विद्यालय भी अमेरिकी मिसाइल का निशाना बना, जिसमें 165 लोगों की मौत हुई। मृतकों में ज्यादातर 7-12 वर्ष की छात्राएं थीं, हालांकि अमेरिका ने इस हमले की जिम्मेदारी लेने से इनकार कर दिया और कहा कि घटना की जांच हो रही है। अमेरिका-इजरायल ने



आयतुल्ला खामेनेई की हत्या को पूर्ववर्ती हमला करार दिया। इसके जवाब में ईरान ने अपनी पूर्व की चेतावनियों पर अमल किया और इज़रायल के साथ-साथ खाड़ी देशों में अमेरिकी ठिकानों पर मिसाइल एवं ड्रोन हमले किए। इसके साथ ही ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को भी बंद कर दिया, जहां से पूरी दुनिया का 20 प्रतिशत कच्चा तेल गुज़रता है। युद्ध के शुरुआती दिनों में ही हिजबुल्लाह भी संघर्ष में शामिल हो गया, जिसके बाद इज़रायल ने लेबनान में जमीनी कार्रवाई शुरू की। इस दौरान खाड़ी देशों ने हमलों की निंदा की, जबकि अमेरिका ने कहा कि उसका लक्ष्य ईरान की सैन्य क्षमता को नष्ट करना है। युद्ध के दूसरे सप्ताह तक यह स्पष्ट हो गया कि ईरानी शासन ध्वस्त नहीं हुआ है और युद्ध लंबा खिंच सकता है। तीसरे सप्ताह में संघर्ष और तेज हुआ, जब इज़रायल ने ईरान के ऊर्जा ठिकानों, विशेषकर साउथ पार्स गैसफील्ड पर हमला किया।

### ऊर्जा संकट भी गहराया

**अमेरिकी सेना की केन्द्रीय कमान के अनुसार, वह ईरान में 11000 से ज्यादा सैन्य लक्ष्यों पर हमला कर चुका है और उसे करीब 3500 ठिकानों पर हमला करना बाकी है। उधर, होर्मुज जलडमरूमध्य बंद होने के कारण तेल की कीमतें 110 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच गयी हैं और वैश्विक ऊर्जा संकट गहरा गया है। चौथे सप्ताह में अमेरिका ने संकेत दिया कि वह कूटनीतिक समाधान की तलाश में है और ईरान को युद्ध विराम का प्रस्ताव भेजा। राष्ट्रपति ट्रंप ने ट्वीट किया कि ईरान के साथ उनकी अच्छी बातचीत हुई है, जिसके कारण उन्होंने ईरान के ऊर्जा संयंत्रों पर नियोजित फैसलों को टालने का फैसला किया है।**

# सपा की भाईचारा रैली ने पश्चिम की राजनीति को गरमाया

## सपा के विरोधी दलों की रैलियों में भीड़ 'लाकर' जुटाई जाती है- अखिलेश

**गौतमबुद्ध नगर (एजेंसी/चिंगारी)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का नाम लिये बगैर हमला करते हुये समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को कहा कि सपा के विरोधी दल की रैलियों में भीड़ स्वाभाविक नहीं होती, बल्कि लोगों को लाकर जुटाई जाती है।



वर्ष 2027 में होने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर श्री यादव ने दादरी में 'समाजवादी समानता भाईचारा' रैली कर पश्चिम की राजनीति को गर्मा दिया है। इस रैली को आगामी चुनावों के लिए सपा का बड़ा शक्ति प्रदर्शन माना जा रहा है। दादरी के मिहिर भोज कालेज के प्रांगण में आयोजित रैली को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने भाजपा पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा के विरोधी दलों की रैलियों में भीड़ स्वाभाविक नहीं, बल्कि लोगों को लाकर जुटाई जाती है। उन्होंने कहा कि आज के दौर में कैमरों से कुछ भी छिपा नहीं रह सकता और सच्चाई सामने आ जाती है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि खुद को दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बताने वाले दल को रैलियों के लिए सरकारी कर्मचारियों और संसाधनों का सहारा लेना पड़ रहा है। साथ ही आरोप लगाया कि कुछ स्थानों से छात्रों को भी रैली में शामिल होने के लिए बुलाया गया और उन्हें छुट्टी दी गई। अखिलेश यादव ने राज्य सरकार के विकास दावों पर सवाल उठाते हुए कहा कि 7 एयरपोर्ट चालू किए गए और 6 बंद हो गए। उन्होंने नये एयरपोर्ट के उद्घाटन पर तंज कसते हुए कहा कि कम से कम यह भरोसा दिया जाए कि उसे निजी हाथों में नहीं बेचा जाएगा। किसानों के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने मुआवजे के नाम पर किसानों के साथ अन्याय किया है। सपा सरकार बनने पर बाजार दर से मुआवजा देने का वादा भी किया। उन्होंने कहा कि 50 लाख करोड़ रुपये के एमओयू साइन किए गए, लेकिन जमीन पर न निवेश दिखा और न रोजगार। युवाओं के रोजगार को लेकर भी उन्होंने सरकार को घेरा और सपा की सरकार बनने पर नौकरी के अवसर बढ़ाने की बात कही।

यूपी सरकार की नई पहल

# गन्ना क्षेत्र में भी महिलाओं की बढ़ेगी भागीदारी

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश में महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिए सरकार महिलाओं को गन्ना उत्पादन के क्षेत्र से जोड़ने जा रही है। इसके लिए गन्ना विभाग और उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (यूपीएस आरएलएम) के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इस पहल के तहत अब महिला स्वयं सहायता समूह गन्ना उत्पादन, पौध तैयार करने और वैल्यू एडिशन जैसी गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। गन्ना आयुक्त मिनिस्थी एस.के अनुसार, इस पहल का उद्देश्य महिलाओं को गन्ना आधारित आजीविका से जोड़कर उनकी आय बढ़ाना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। प्रदेश में वर्तमान में करीब 47.5 लाख गन्ना किसान चीनी मिलों को गन्ना आपूर्ति करते हैं, जिनमें लगभग 2.95 लाख महिला किसान शामिल हैं। वहीं, 57 हजार से अधिक महिलाएं, 3000 से ज्यादा स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से उन्नत किस्मों की पौध तैयार कर रही हैं। इस योजना के अंतर्गत महिलाओं को केवल पौध उत्पादन तक सीमित नहीं रखा जाएगा, बल्कि उन्हें गन्ने से जुड़े अन्य कार्यों जैसे गुड़ निर्माण, जैविक उत्पाद तैयार करना और प्रसंस्करण जैसी गतिविधियों में भी प्रशिक्षित किया जाएगा। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नये अवसर



सृजित होंगे और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। उन्होंने बताया कि महिला समूहों को तकनीकी प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता और विपणन सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

जिससे उन्नत किस्मों की पौध से गन्ने की उत्पादकता बढ़ेगी और किसानों को बेहतर गुणवत्ता का उत्पादन मिलेगा।

साथ ही, वैल्यू एडिशन के जरिए उत्पादों का बाजार मूल्य भी बढ़ेगा।

# अपने लक्ष्य पर अडिग है संघ- सेमवाल

## प्रमुख जन गोष्ठी का आयोजन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में संघ की कोटद्वार शाखा द्वारा नगर निगम प्रेक्षागृह में प्रमुख जन गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें संघ के शताब्दी वर्ष पर आयोजित कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। गोष्ठी में मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत कार्यवाह दिनेश सेमवाल ने कहा कि संघ के शताब्दी वर्ष में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने विजयदशमी के अवसर पर मंडल स्तर पर व बस्ती स्तर पर अधिकतम स्वयं सेवकों की गणवेश में एकत्रीकरण व संचलन के कार्यक्रम आयोजित किये। इसके उपरांत व्यापक गृह संपर्क अभियान चलाया गया व विराट हिंदू सम्मेलनों का आयोजन किया गया। तत्पश्चात प्रमुख जन गोष्ठियों के आयोजन के क्रम में गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। कहा कि संघ ने सौ वर्षों की यात्रा के दौरान प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद समाज में अपनी उपस्थिति लगातार बनाई रखी है। समाज में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्वीकार्यता बढ़ती जा रही है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ समाज के साथ मिलकर पंच परिवर्तन के अपने लक्ष्य पर अडिग है। पंच परिवर्तन से ही समाज और देश में परिवर्तन आएगा। स्वाधीनता संग्राम में भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने पूर्ण भागीदारी की तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ. हेडगेवार ने स्वयं राष्ट्रीय स्वाधीनता आंदोलन में भाग लिया और कई बार जेल जाकर इस बात को साबित भी किया। वर्तमान में संघ के विभिन्न प्रकल्प समाज में चल रहे हैं। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में प्रमुख जनों द्वारा अपनी जिज्ञासा व सुझाव भी प्रस्तुत किए गए।

कार्यक्रम में जिला संघ चालक विष्णु अग्रवाल जिला प्रचारक कमल, जिला सह संघ चालक लोकपाल, जिला कार्यवाह संदीप व अरुण व जिला प्रचार प्रमुख अरविन्द दुदपुड़ी सहित समाज के प्रबुद्ध जन मौजूद रहे।



कोटद्वार स्थित प्रेक्षागृह में रविवार को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की ओर से आयोजित प्रमुख जन गोष्ठी में प्रतिभाग करते लोग।

# शराब पीकर हुड़दंग मचाते 15 लोग पकड़े

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कलालघाटी पुलिस चौकी के औद्योगिक क्षेत्र में शराब पीकर हुड़दंग मचा रहे 15 व्यक्तियों को पकड़कर उपनिरीक्षक राजाराम डोभाल ने उनके खिलाफ कड़ी चालानी कार्रवाई की। उन्होंने कहा कि शान्ति व्यवस्था को भंग करने वालों को बक्शा नहीं जाएगा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार के निर्देश पर इन दिनों हुड़दंगियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। रविवार को कलालघाटी पुलिस द्वारा चैकिंग अभियान के दौरान अलग-अलग सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर हुड़दंग मचा रहे 15 व्यक्तियों को पकड़ कर चौकी लाकर चालानी कार्रवाई की गई। सभी को भविष्य में इस प्रकार की गतिविधियों से दूर रहने की चेतावनी देकर छोड़ा गया।

# एमवीएम का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के अंतर्गत बीईएल रोड स्थित महर्षि विद्या मंदिर का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। विद्यालय प्रधानाचार्य रविन्द्र गुसांई ने बताया कि विद्यालय परिवार, छात्रों को बेहतर शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी का परिणाम है कि विद्यालयी व बोर्ड परीक्षा में विद्यार्थी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। बताया कि विद्यालयी परीक्षा में बालवाटिका से शिवांक रावत, अभिनव चौहान एवं ऋषभ नेगी, प्रथम कक्षा से सूर्यांश सिंघल व लक्ष्य सिंह गुसाईं, द्वितीय कक्षा से अभिनव चौहान, तृतीय कक्षा से शानवी व चतुर्थ कक्षा की छात्रा वैभवी ने विशेष उपलब्धि हासिल की है। वहीं पांचवीं कक्षा से सौरभ नेगी, छठी कक्षा से आराध्या शर्मा, सातवीं कक्षा से आरुष चौहान, आठवीं कक्षा से हिमांशु सुन्द्रियाल तथा नवीं कक्षा से राजबीर सिंह ने अपने-अपने वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा ग्यारह के आर्यन कुमार ने भी सराहनीय प्रदर्शन किया। कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा विद्यालय के अनुशासित एवं सकारात्मक वातावरण का परिणाम है।

# सरकारी योजनाओं का लाभ उठायें उद्यमी : ऋतु खंडूड़ी

## हिमालयन इंडस्ट्री एंड बिजनेस एक्सपो का समापन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** जिला उद्योग केंद्र की ओर से नजीबाबाद रोड स्थित एक बारातघर में आयोजित तीन दिवसीय हिमालयन इंडस्ट्री एंड बिजनेस एक्सपो का समापन हो गया। समापन समारोह का आरंभ प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के एक्सपो स्थानीय उद्यमियों, स्वरोजगार से जुड़े युवाओं एवं महिलाओं को अपनी प्रतिभा और उत्पादों को प्रदर्शित करने का प्रभावी मंच प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लघु, कुटीर एवं मध्यम उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए ऐसे आयोजन अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इससे स्थानीय उत्पादों को नई पहचान मिलती है और रोजगार के अवसरों में वृद्धि होती है। उन्होंने उद्यमियों से आह्वान किया कि वे सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाकर अपने उद्योगों का विस्तार करें और प्रदेश की आर्थिक प्रगति में सक्रिय भूमिका निभाएं। इस दौरान उन्होंने विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन कर उद्यमियों द्वारा प्रदर्शित उत्पादों की जानकारी ली और उनके प्रयासों की सराहना की। तीन दिवसीय इस एक्सपो में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े उद्यमियों द्वारा आकर्षक स्टॉल लगाये गये, जिनमें स्थानीय हस्तशिल्प, जैविक उत्पाद, खाद्य सामग्री एवं नवाचारों को प्रदर्शित किया गया। बड़ी संख्या में लोगों ने एक्सपो में पहुंचकर उत्पादों का अवलोकन किया और उद्यमियों के कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर राज्यमंत्री दर्जाधारी ऋषि कंडवाल, जिला उद्योग केंद्र महाप्रबंधक सोमनाथ गर्ग, प्रबंधक उपासना सिंह, विवेक चौहान, सुनील गुप्ता, बालेन्द्र कुमार, मयंक कोठारी, विवेक अग्रवाल, जयदीप बिष्ट और अजय गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# पूर्ति विभाग की विभागीय वेबसाइट की जाये सुचारू

## पार्षद ने पूर्ति अधिकारी से की शिकायत

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के वार्ड नं. 31 पदमपुर मोटाढ़ाक के पार्षद सौरव नौडियाल ने पूर्ति विभाग की विभागीय वेबसाइट को शीघ्र सुचारू करने की मांग की है। कहा कि विभागीय पोर्टल व वेबसाइट के ठीक से कार्य न करने के कारण आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

इस संबंध में जिला पूर्ति अधिकारी पौड़ी को प्रेषित ज्ञापन में उन्होंने कहा है कि वर्तमान में पूर्ति विभाग के पोर्टल व वेबसाइट के सही तरह से कार्य न करने के कारण नये राशन कार्ड नहीं बन पा रहे हैं। वहीं बिना पूर्व सत्यापन के जिन परिवारों के लोगों के नाम राशन कार्ड से कट गए हैं, उन्हें भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वर्तमान में विद्यालयों में आरटीई के अंतर्गत बच्चों के प्रवेश के लिए राशन कार्ड अनिवार्य है, लेकिन पोर्टल के सही न चलने से राशन कार्ड बन ही नहीं पा रहे हैं। पिछले दो तीन महीनों से कई वार्डों से नए राशन कार्डों के आवेदन सप्लाई कार्यालय में जमा हैं, लेकिन पोर्टल के न चलने से सारा कार्य रूका पड़ा है। ज्ञापन में उन्होंने जिला पूर्ति अधिकारी से विभागीय पोर्टल व वेब साइट में आई खराबी को शीघ्र ठीक करने की मांग की है।

# एसडीएम ने की 'थलीसैण से देशसेवा' पहल की शुरूआत



**कोटद्वार ( चिंगारी )।** उपजिलाधिकारी थलीसैंण कृष्णा त्रिपाठी द्वारा क्षेत्र के छात्र-छात्राओं के लिए 'थलीसैंण से देशसेवा' नामक एक प्रेरणादायक पहल की शुरुआत की गयी है। इस मुहिम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए स्थानीय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम के प्रथम दिवस पर उपजिलाधिकारी द्वारा स्वयं 3 घंटे की इतिहास विषय की क्रैश कोर्स कक्षा संचालित की गयी, जिसमें कुल 18 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। विद्यार्थियों ने इस पहल को अत्यंत उपयोगी बताते हुए उत्साहपूर्वक सहभागिता की। उपजिलाधिकारी ने बताया कि इस पहल के अंतर्गत प्रत्येक रविवार को क्रैश कोर्स एवं मैराथन कक्षाओं का आयोजन किया जाएगा, जिससे अभ्यर्थियों के ज्ञान एवं प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता का निरंतर विकास सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने बताया कि उक्त पहल का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के अधिक से अधिक विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल बनाना है, ताकि उन्हें उच्च गुणवत्ता की तैयारी के लिए देहरादून अथवा अन्य शहरों की ओर पलायन न करना पड़े। इस पहल के लिए ग्राम प्रधानों एवं अभिभावकों ने उपजिलाधिकारी का आभार व्यक्त करते हुए इसे क्षेत्र के युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह मुहिम न केवल शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार का उदाहरण प्रस्तुत कर रही है, बल्कि स्थानीय युवाओं को देशसेवा के लिए प्रेरित करते हुए स्थानीय से राष्ट्रीय विकास की अवधारणा को भी साकार कर रही है। कार्यक्रम के संचालन में राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के उप प्राचार्य दुदुन मेहता, अधिशासी अधिकारी दीपक प्रताप तथा बाल विकास परियोजना अधिकारी पूजा रावत का विशेष सहयोग रहा।

## प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए युवाओं को मिलेगा मार्गदर्शन

# 'किसमें कितना है दम' की विजेता बनी ऐश्वर्या

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** संग्रीम टीवी के डांस रियलिटी शो 'किसमें कितना है दम' के सीजन 12 का फाइनल जीतकर कोटद्वार की 9 वर्षीय ऐश्वर्या ने क्षेत्र व विद्यालय का नाम रोशन किया है। ऐश्वर्या की इस उपलब्धि पर उसके परिवार व रिश्तेदारों सहित विद्यालय में खुशी की लहर है। ऐश्वर्या के शिक्षक पिता योगेंद्र जंग ने बताया कि शो का ग्रैंड फिनाले कुछ दिन पूर्व चंडीगढ़ स्थित रयात बहारा यूनिवर्सिटी के ऑडिटोरियम में आयोजित हुआ। डांस प्रतियोगिता में कुल 4 राउंड आयोजित हुये, जिनमें प्रारंभिक तीन राउंड कोटद्वार, सेमीफाइनल नगीना और फाइनल चंडीगढ़ में सम्पन्न हुआ। इन सभी चरणों में शानदार प्रदर्शन करते हुए ऐश्वर्या जंग विजेता बनी। बताया कि वर्तमान में ऐश्वर्या कैडल पब्लिक स्कूल, नींबूचौड़ में चौथी कक्षा में अध्ययनरत है और उसको बचपन से ही नृत्य करने का शौक रहा है। बताया कि दादा-दादी एवं पूरे परिवार का स्नेह, आशीर्वाद और प्रोत्साहन भी उसकी सफलता का आधार बना।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# लश्कर आतंकी शब्बीर अहमद लोन दिल्ली से गिरफ्तार

## ISI के इशारे पर बनाया था मॉड्यूल



**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** सुरक्षा एजेंसियों ने दिल्ली बॉर्डर से लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी शब्बीर अहमद लोन को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आतंकी शब्बीर अहमद लोन बांग्लादेश में बैठकर पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के इशारे पर लश्कर का एक नया मॉड्यूल तैयार कर रहा था। दिल्ली पुलिस और सुरक्षा बलों ने एक गुप्त सूचना के आधार पर जाल बिछाकर उसे राजधानी की सीमा पर दबोच लिया। जांच में पता चला है कि वह सीमा पार से मिल रहे निर्देशों के अनुसार भारत विरोधी गतिविधियों को अंजाम देने के मिशन पर था। जांच एजेंसियां उससे पूछताछ कर यह पता लगाने की कोशिश कर रही हैं कि दिल्ली और आसपास के इलाकों में उसके कितने और साथी छिपे हुए हैं। बीते दिनों दिल्ली और साउथ इंडिया से लश्कर के मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया गया था। इस मॉड्यूल ने दिल्ली और कोलकाता में कई जगह भारत विरोधी पोस्टर लगाए थे। दिल्ली पुलिस स्पेशल और सेंट्रल एजेंसियों को बड़ी कामयाबी मिली है।

### तिहाड़ में काट चुका है 11 साल की सजा

शब्बीर अहमद लोन सुरक्षा एजेंसियों के लिए कोई नया नाम नहीं है। उसे साल 2007 में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने एके-47 और ग्रेनेड जैसे भारी हथियारों के साथ गिरफ्तार किया था। उस वक्त भी उसके तार सीधे हफीज सईद से जुड़े थे। वह साल 2018 तक दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद रहा था। जेल से बाहर आने के बाद वह फिर से एक्टिव हो गया।


## आवश्यकता है

R.P.S. INTERNATIONAL SCHOOL
(C.B.S.E. Pattern An English Medium)
ग्राम फतेहपुर कला बिजनौर को
S.S.T और English विषयों को पढ़ाने के लिए टीचर (कक्षा 6 से 10 तक) की
स्टाफ के लिए आने व जाने की फ्री सुविधा भी उपलब्ध है।
सम्पर्क करें- 8394838034, 8954568123, 9359888044



Kajaria
TRANSFORM YOUR WORLD
Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom



DR. FIXIT
WATERPROOFING EXPERT
Nanotechnology Based
SEELAN BLOCK
सीलन ब्लॉक
₹8/- PER SQ. FT
सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
TILE O GRIP
BONDING CHEMISTRY
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर


# देवदूत बनी जल पुलिस, डूब रहे युवक को दिया जीवनदान



ऋषिकेश। उत्तराखंड के मुनि की रेती थाना क्षेत्र अंतर्गत शिवपुरी क्षेत्र में आज एक बड़ा हादसा टल गया। गंगा स्नान के दौरान गहराई में समा रहे उत्तर प्रदेश के एक युवक को जल पुलिस और आपदा राहत दल के जवानों ने अपनी तत्परता से सुरक्षित बचाया है। पुलिस के मुताबिक आगरा के फतेहपुर सीकरी निवासी विनीत कुमार, आकाश और आयुष के साथ क्षेत्र में भ्रमण के लिए आया। शिवपुरी स्थित सबमिट होटल के पास गंगा घाट पर स्नान करते समय अचानक पैर फिसलने के कारण विनीत अनियंत्रित होकर नदी की मुख्य धारा और गहरे पानी में चला गया। तट पर तैनात जल पुलिस और आपदा राहत दल को जैसे ही युवक के डूबने की सूचना मिली, टीम ने बिना एक पल गंवाए उफनती लहरों में छलांग लगा दी।

जांबाज जवानों ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए विनीत को डूबने से बचाकर सुरक्षित बाहर निकाला।

नदी से बाहर निकालने के बाद युवक की हालत नाजुक थी। रेस्क्यू टीम ने पेशेवर दक्षता दिखाते हुए मौके पर ही सीपीआर दिया। टीम के इस त्वरित उपचार से विनीत की सांसें वापस लौट आईं और उसकी स्थिति सामान्य हो गई। स्थिति में सुधार होने पर उसे उसके साथियों के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस कप्तान आयुष अग्रवाल ने जल पुलिस के जवानों को शाबाशी दी है।

## भारत के दो और जहाजों ने सुरक्षित पार किया होर्मुज जलडमरूमध्य

**नयी दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** पश्चिम एशिया संकट के कारण इस क्षेत्र से विभिन्न ऊर्जा उत्पादों की आपूर्ति प्रभावित होने के बीच राहत की ख़बर है कि पेट्रोलियम उत्पादों से लदे भारत के दो और व्यापारिक जहाजों ने होर्मुज जलडमरूमध्य को सुरक्षित पार कर लिया है। इससे पहले भी भारत के एलपीजी से लदे चार टैंकर होर्मुज जलडमरूमध्यम के मार्ग से स्वदेश आ चुके हैं। सूत्रों के अनुसार पेट्रोलियम उत्पादों से लदे भारतीय ध्वज वाले दो व्यापारिक जहाजों ने होर्मुज जलडमरूमध्य को सुरक्षित पार कर लिया है। भारतीय नौसेना के क्षेत्र में तैनात युद्धपोत जरूरत पड़ने इन जहाजों की सुरक्षा के लिए तैयार रखे गये हैं। हालांकि इन जहाजों के नाम और इनमें लदे उत्पादों तथा इनमें सवार लोगों के बारे में पुष्ट जानकारी नहीं दी गयी है। ईरान कई बार यह बात कह चुका है कि वह भारत सहित कुछ मित्रों के जहाजों को होर्मुज जलडमरूमध्य से बिना रूकावट के गुजरने देगा।


## आवश्यकता है

हल्दौर में एक प्रतिष्ठित फर्म के लिए Multihead Embroidery Machine के कुशल ऑपरेटर की आवश्यकता हैं।
योग्य व्यक्ति संपर्क करें।
मो- 8191819148





खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट



सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।



पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans



सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476





भारत की दो बहादुर बेटियां "विंग कमांडर व्योमिका सिंह" और "कर्नल सोफिया कुरैशी"
के सम्मान में बिजनौर पब्लिक स्कूल जुलाई 2025 से
बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु पेश करता है अपनी योजना



"सिंदूरी"

योजना की प्रमुख विशेषताऐं:-
★ यह योजना कक्षा- 2 तक की सभी छात्राओं के लिए उपलब्ध होगी।
★ विद्यालय कक्षा- 2 तक की सभी छात्रोओं को मासिक ट्यूशन फीस में 10 प्रतिशत छूट देगा।
★ लड़कियों के लिए निःशुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण।
★ नर्सरी से यू.के.जी. की छात्रों को मुफ्त पुस्तके एवं कॉपियाँ दी जाएगी।

हमारी विशेषताऐं:-
1. उच्च योग्य और अनुभवी शिक्षकों द्वारा परिणामोन्मुखी शिक्षण।
2. स्मार्ट कक्षाऐं जो छात्रों के लिए सीखने का आनन्ददायक अनुभव है।
3. सभी विषयों की पूर्ण सुसज्जित प्रयोगशालाऐं उपलब्ध।
4. सभी मार्गों के लिए बस सुविधा उपलब्ध।
5. सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए खूबसूरत वातानुकूलित आडिटोरियम।
6. बड़े खेल मैदान में सभी खेलों की सुविधा।

हमारे अचीवर्स



Neal Rajput (M.B.B.S), Pranab Rajput (M.B.B.S), Roopali (M.B.B.S), Vanshika Singh (IIT), Avantika Rana (M.B.B.S), Avantika Malik (M.B.B.S)

BIJNOR PUBLIC SCHOOL
A Co-educational Senior Secondary School.
Najibabad Road, Bijnor (U.P.) 246701 9837205062, 8006677928